नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 350 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 17 अक्टूबर 2023



पेज -4 पर कलेक्टर गोयल ने एसपी सदानंद कुमार के साथ स्ट्राँग रूम ...



विधानसभा पत्थलगांव में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन पेज -7 पर

# सौरभ चंद्राकर के सात करीबियों के घर ईडी का छापा

## भिलाई, राजनांदगांव में सट्टा ऐप मामले में कार्रवाई, दीपक के 2 मंजिला मकान में लिफ्ट

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई में प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन सट्टा ऐप कारोबार से जुड़े मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर के 7 करीबियों के ठिकानों पर दबिश दी है। सोमवार सुबह 7 बजे ईडी की चार सदस्यीय टीम भिलाई पहुंची। जहां नेहरू नगर में दीपक सावलानी (बदला हुआ नया नाम जयदीप) के घर पर छापेमार की।

ईडी की टीम ने जहां छापा मारा है, उसमें विकास बत्रा बाबा दीपसिंह नगर निवासी सत्यम जींस, दूल्हे साहेब शॉप का संचालक, भरत रवानी ईओएस 205 वैशाली नगर, भारत मेडिकल स्टोर संचालक, सुरेश कुकरेजा चावल व्यापारी उत्सव भवन सुन्दर नगर, सुरेश ढिंगानी पदुम नगर पटाखा व्यापारी, सौरभ जायसवाल राजनांदगाव और नेहरू नगर में दीपक सावलानी शामिल है।



### ईडी से बचने के लिए बदला अपना नाम

दीपक को पहले से पता था कि वो एक न एक दिन ईडी की रडार में आएगा। इसलिए उसने बचने के लिए पूरा प्लान बना लिया था। उसने गजट में नया नाम प्रकाशन कर जयदीप कर लिया। उसके पासपोर्ट से लेकर अन्य दस्तावेजों में जयदीप नाम ही दर्ज है। बताया जा रहा है कि उसने ऐसा इसलिए किया कि अगर ईडी उसके दुबई आने-जाने के कनेक्शन को खंगालेगी, तो दीपक सावलानी नाम से खोजेगी। जबकि उस नाम से कोई डिटेल्स मिलेगा ही नहीं।

### सौरभ का बिजनेस पार्टनर है दीपक

दीपक सावलानी सौरभ चंद्राकर का बिजनेस पार्टनर है। उसने सौरभ के साथ पार्टनरशिप में जूस फैक्ट्री का कारोबार शुरू किया था। इसके बाद नेहरू नगर में चौपाटी खोली। जब सौरभ दुबई जाकर ऑनलाइन सट्टा कारोबार से जुड़ा, तो दीवक एक साल के लिए वहां गया था।

एक साल दुबई में रहने के बाद दीपक भिलाई वापस आ गया। बताया जा रहा है कि सौरभ की काली कमाई को वह इनवेस्ट करता है। इसके सौरभ से काफी करीबी संबंध होने के चलते ही ईडी की टीम ने छापेमारी की है।

दीपक सावलानी का नेहरू नगर भिलाई में बेहद आलीशान मकान है। उस घर में लग्जरी होटल जैसी हर सुविधा है। दीपक ने घर में सिर्फ दो मंजिल ऊपर-नीचे जाने के लिए लिफ्ट भी लगवा रखी है।

### भिलाई नगर निगम का है बड़ा ठेकेदार

*दीपक सावलानी भिलाई नगर निगम में ठेकेदारी करता है। उसका यहां के एक वरिष्ठ पार्षद से काफी करीबी संबंध है। पार्षद की राजनीतिक पहुंच के चलते ही नगर निगम में जितना भी झूला, कुर्सी सप्लाई का काम आता है, वो दीपक ही देखता है।*

# छत्तीसगढ़ में अमित शाह ने भरी हुंकार, कहा -प्रदेश मे लगातार घोटाला हो रहा है

रायपुर/राजनादगांव। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह राजनांदगांव पहुंचे। पहली चुनावी सभा और रैली को प्रभावी बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। इस कार्यक्रम में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने उनका स्वागत किया।केन्द्रीय गृहमंत्री अमित राजनांदगांव शहर के स्टेट स्कूल मैदान में भाजपा की परिवर्तन संकल्प महासभा में शिरकत दी।



यहाँ उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जमकर घेरा। बता दे की छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसमें प्रथम चरण में सात नवंबर को राजनांदगांव जिले में विधानसभा का चुनाव होगा गृह मंत्री ने कहा- मैं छत्तीसगढ़ के लोगों को याद कराने आया हूं कि इस राज्य का निर्माण हमारे प्रिय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने किया था. कांग्रेसी शासन के दौरान पुराना मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य की श्रेणी में आते थे. लेकिन जब यहां डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी, तो 15 वर्ष में इस बीमारू राज्य को विकसित बनाने का काम किया गया। अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार से त्रस्त है और भाजपा को लाने का मन बना चुकी है. बीजेपी नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह के नामांकन से पहले आयोजित सभा में शाह ने कहा कि आने वाला चुनाव केवल सरकार बनाने या विधायक चुनने का नहीं अपितु मोदी जी के नेतृत्व में स्वर्णिम भविष्य वाला छत्तीसगढ़ बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के दरबार का ATM बना रखा है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी युवाओं के अधिकार का पैसा, दलित युवाओं के अधिकार का पैसा और पिछड़े वर्ग के युवा भाई बहनों के अधिकार का पैसा भी कांग्रेस के दिल्ली दरबार की तिजोरी में जाता है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को नरेंद्र मोदी सरकार का फायदा मिला है। राजनांदगांव में कई विकास हुए, मेडिकल कॉलेज और अन्य चीजें बनी। हमने नक्सलवाद पर नकेल कसने का काम किया है। अमित शाह ने मुख्यमंत्री भूपेश पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश मे लगातार घोटाला हो रहा है। अमित शाह ने कहा कि भूपेश बघेल ने तुष्टिकरण, वोट बैंक के लिए भुवनेश्वर साहू की लिंचिंग कराकर मार दिया। भुवनेश्वर साहू को न्याय दिलाने के लिए हमने ईश्वर साहू को चुनाव के मैदान में उतारा है।

# प्रदेश में पहले चरण में होने वाले चुनाव के लिए दूसरे दिन 7 नामांकन पत्र हुए दाखिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के पहले चरण के 20 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होने वाला है. वहीं आज नामांकन पत्र दाखिले के दूसरे दिन 6 प्रत्याशियों ने कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल किये. जिसमें राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 3, डोंगरगांव में 2 और भानुप्रतापपुर और डोंगरगढ़ में एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है. प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई और कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है. उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं. 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे.




# महादेव सट्टा एप का बड़ा आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

## 90 से ज्यादा खाते, साढ़े 3 करोड़ की राशि होल्ड...

**रायपुर ए.।** राजस्थान पुलिस ने दुबई में बैठकर महादेव ऐप का संचालन करने वाले बड़े आरोपी को मुम्बई एयरपोर्ट से धरदबोचा है। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के प्रतापगढ़ में सरकारी योजना के तहत रुपये दिलाने के नाम पर फर्जी एकाउंट कर करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। आरोपी मृगांक मिश्रा को महादेव ऐप किंग सौरभ चन्द्राकर का बेहद करीबी बताया जा रहा है। सौरभ छत्तीसगढ़ का रहने वाला है और वर्तमान में दुबई में रहकर महादेव ऐप संचालित कर रहा है। फिलहाल रतलाम निवासी मृगांक मिश्रा से पूछताछ जारी है। दरअसल, मई 2023 में राजस्थान प्रतापगढ़ के कोतवाली थाने में कुछ लोगों ने मृगांक मिश्रा के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि सरकारी योजना के नाम पर मृगांक ने प्रतापगढ़ के लोगों को रुपए का लालच देकर कई के नाम पर खाता खुलवाया था।



# 20 अक्टूबर को फिर छत्तीसगढ़ आएंगे अमित शाह

**रायपुर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिर से छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे. 20 अक्टूबर को बस्तर संभाग के दौरे शाह आएंगे. इस दौरान वे जगदलपुर और कोंडागांव में सभा करेंगे. बस्तर संभाग में पहले चरण में चुनाव होना है. जिसे लेकर पार्टियों का प्रचार जोरों पर चल रहा है. अमित शाह राजनांदगांव दौरे पर थे. जहां वे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ .रमन सिंह समेत राजनांदगांव जिले की चार विधानसभाओं के प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए. इससे पहले उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित किया. ज्ञात हो कि पहले चरण के लिए 20 सीटों में मतदान होना है. इन 20 सीटो में बस्तर की सीटें भी शामिल है. बीजेपी ने बस्तर की सभी सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. हालांकि जगदलपुर से अभी किसी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गई है। शेष 19 सीटों पर नाम का ऐलान होने के बाद पार्टी ने अपने प्रत्याशियों का प्रचार शुरू कर दिया है.



*दिल्ली में मंगलवार को CEC उपसमिति की बैठक आ सकती है दूसरी सूची*

# सिंहदेव बोले -परफॉर्मेंस ही टिकट का आधार, भूपेश भी होंगे शामिल

रायपुर ए.। दिल्ली में 17 अक्टूबर को कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की उपसमिति की बैठक होगी। इस बैठक में कांग्रेस की दूसरी सूची के नामों पर अंतिम मुहर लगेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज बैठक में शामिल होंगे।



इस बैठक के बाद कांग्रेस की दूसरी सूची 18 या 20 अक्टूबर को जारी हो सकती है। संभावना है कि दूसरी सूची में लगभग 35-40 नाम होंगे। नए और पुराने चहरों को मिलकर ये लिस्ट जारी होगी। दिल्ली रवाना होने से पहले टीएस सिंहदेव ने कहा कि हमारा काम सुझाव देना है। हाईकमान तय करेगा कि नाम घोषित कब करना है। सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की उपसमिति की बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना होने से पहले डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा- कांग्रेस की 60 बची सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कल शाम तक या परसों हो सकती है। मंगलवार को लंच से पहले छत्तीसगढ़ की सीटों पर चर्चा हो जाएगी। उन्होंने कहा कि परफॉर्मेंस ही टिकट का आधार होगा।

### परफॉर्मेंस तय करेगा टिकट- सिंहदेव

टीएस सिंहदेव ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। अभी 30 सीटों की घोषणा में आठ सीटें बदली हैं। 60 में भी कुछ बदल सकते हैं। आधार परफॉर्मेंस होगा। हर आदमी एक जैसा नहीं खेलता। क्रिकेट की टीम बनती है तो वही आदमी 20 साल नहीं खेलता। क्रिकेट की टीम में चयन होता है तो कभी कोई ओपनर है, कभी कोई नंबर तीन है। अभी केएल राहुल फॉर्म में हैं। कभी शुभम गिल खेल रहा है। जरूरत के हिसाब से हमेशा बदलाव होता है।

### दूसरी सूची में भी कटेगा विधायकों का टिकट

*दूसरी सूची में भी 10 से 12 विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं। सर्वे के आधार पर जिन विधायकों की रिपोर्ट कमजोर हैं उन सभी को पार्टी इस बार टिकट नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लेकर कांग्रेस के तमाम नेता लगातार ये कहते आए हैं कि पार्टी केवल जिताऊ उम्मीदवार को ही मैदान में उतारेगी। नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।*

# पुलिस को चेकिंग के दौरान मिले 8 लाख रुपए, पूछताछ जारी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनावी आचार संहिता लागू होते ही चेकिंग अभियान तेज हो गया है. इसी कड़ी में बिलासपुर जिले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान लाखों रुपए कैश जब्त किया है. मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेंद्र जायसवाल और नगर पुलिस अधीक्षक(सिटी कोतवाली) पूजा कुमार के मार्गदर्शन में सरकंडा थाना क्षेत्र के सीपत रोड में आकस्मिक चेकिंग पॉइंट लगाया गया था. थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में सीपत रोड बेहतराई चौक में चेकिंग के दौरान एक निजी वाहन से 8 लाख रुपए नकद मिला है.



# ठाकरे परिसर में धरनारत भगत समर्थकों से साव की चर्चा, रो पड़े कार्यकर्ता

**रायपुर।** जशपुर से गणेश राम भगत को टिकट देने की मांग के साथउनके पांच सौ समर्थक राशन पानी लेकर दो दिन से राजधानी के ठाकरे परिसर के गेट पर धरनारत हैं। पार्टी ने रायमुनी भगत को उतारा है। ये कार्यकर्ता टिकट बदलने की मांग कर रहे हैं। खुले आसमान तले दो रात दिन गुजार चुके हैं। रविवार रात महामंत्री पवन साय ने उनसे चर्चा की थी। और अब से कुछ देर पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव तीन दिन बाद वहां पहुंचे और चर्चा की। उन्होने सबकी बाते सुनने के बाद शीर्ष नेतृत्व तक बातें पहुंचाने की बात कही है।हालांकि कार्यकर्ता गणेश राम भगत का जब तक टिकट को लेकर कोई ठोस आश्वाशन नहीं मिलेगा तब तक कार्यालय के गेट पर ही बैठने का फैसला किया है।प्रदेश अध्यक्ष से अपनी बातें रखते हुए दर्जनों कार्यकर्ता रो पड़े।इससे पहले टिकट घोषणा के दिन अपने घर में कार्यकर्ताओं के समक्ष रो पड़े थे।



## विधानसभा आम निर्वाचन-2023

# संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत प्रदेश भर में पांच लाख से अधिक बैनर , पोस्टर और वॉल राइटिंग हटाए गए

**रायपुर।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से 15 अक्टूबर तक पांच लाख 449 वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही की गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से तीन लाख 37 हजार 060 और निजी संपत्तियों से एक लाख 63 हजार 389 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कुल पांच लाख 51 हजार 699 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें तीन लाख 61 हजार 378 सार्वजनिक संपत्तियों से और एक लाख 90 हजार 321 प्रकरण निजी संपत्तियों से संबंधित हैं। अधिनियम के तहत प्रदेश भर में अब तक दो लाख 33 हजार 074 वॉल राइटिंग, एक लाख 58 हजार 810 पोस्टर, 70 हजार 405 बैनर और 90 हजार 669 अन्य प्रचार सामग्रियों की पहचान की गई है।




आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 25 हजार 232, सुकमा में 5151, गरियाबंद में 7453, बेमेतरा में 14 हजार 832, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 3382, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में दो, बालोद में 27 हजार 356, जशपुर में 8305, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 846, सरगुजा में 20 हजार 592, बलौदाबाजार-भाटापारा में 20 हजार 628, रायगढ़ में 24 हजार 953, सूरजपुर में 12 हजार 129 और कांकेर में 15 हजार 918 कार्यवाही की गई हैं।

# विधानसभा चुनावों में सांसद, रणनीति या वक्त का तकाजा

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने उम्मीदवारों की घोषणा से सबको चौंकाया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़, तीनों जगह उसने अनेक सांसदों को मैदान में उतारा है। इनमें केंद्रीय मंत्री भी हैं। तेलंगाना में भी पूर्व अध्यक्ष बंदी संजय कुमार को हटाकर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को बागडोर थमा दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अपने निर्णयों से बराबर आश्चर्य में डालती है।

राजनीति में हमेशा प्रयोगों की गुंजाइश रही है और चुनाव बड़ा अवसर होता है। जो पार्टी वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे स्वयं को चुनावी मोड में रखती हो, वह केवल प्रयोग के लिए प्रयोग नहीं कर सकती। निश्चित रूप से इसके पीछे गहन विमर्श और दूरगामी सोच होगी।

जब मध्य प्रदेश में भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों और सात सांसदों तथा एक राष्ट्रीय महासचिव को उतारा, तो उसका सरल विश्लेषण किया गया। कहा गया कि प्रदेश में भाजपा की स्थिति खराब है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विरुद्ध व्यापक असंतोष है और भाजपा को लग रहा है कि जीत उसके लिए मुश्किल है, इसलिए उसने सारे दांव लगा दिए हैं। वर्ष 2003 के बाद कमलनाथ सरकार के 15 महीनों को छोड़कर प्रदेश में लगातार भाजपा की सरकार है तथा उमा भारती के एक वर्ष के कार्यकाल के अलावा शिवराज सिंह मुख्यमंत्री हैं। स्वाभाविक ही सत्ता विरोधी रुझान और कुछ असंतोष होगा।

यह भी कहा गया कि छत्तीसगढ़ भाजपा में रमन सिंह के बाद ऐसा कोई चेहरा सामने नहीं आया, जिसे पार्टी भूपेश बघेल के समानांतर खड़ा करे और जनता उसे उनके कद का मान ले। राजस्थान के बारे में भी ऐसा ही कहा जा रहा है कि वसुंधरा राजे सिंधिया के अलावा राज्य स्तर का कोई चेहरा नहीं है, जिसे अशोक गहलोत की तुलना में जनता उतना ही महत्व दे। किंतु क्या इसके लिए इतनी संख्या में सांसदों और केंद्रीय नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने की विवशता पैदा हो गई थी? चुनाव एक अहिंसक युद्ध है और उसमें जीतने के लिए आपके पास जिस रूप में भी जितने संसाधन हों, उनका उपयोग किया जाना स्वाभाविक है। इसलिए भाजपा ने इन नेताओं को उतार कर अपनी विजय सुनिश्चित करने की कोशिश की है, इसमें दो राय नहीं।



जो नेता उतारे गए हैं, वे सब अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हैं, कई का चुनाव जीतने का रिकॉर्ड है तथा कई का संगठन में लंबा अनुभव भी है। स्थानीय जातिगत समीकरणों

> **राजनीति में हमेशा प्रयोगों की गुंजाइश रही है और चुनाव बड़ा अवसर होता है। जो पार्टी वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे स्वयं को चुनावी मोड में रखती हो, वह केवल प्रयोग के लिए प्रयोग नहीं कर सकती। निश्चित रूप से इसके पीछे गहन विमर्श और दूरगामी सोच होगी।**

के अनुसार भी वे फिट बैठते हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिंदुत्व और हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रभाव की विचारधारा पर जिस तेजी से आगे बढ़ी है, उसकी दृष्टि से भी कई नेता खरे उतरते हैं। बावजूद इसके, इतनी संख्या में सांसदों और मंत्रियों को उतारने की आवश्यकता नहीं थी। एक दो बड़े चेहरे को लाया जा सकता था और राज्यों से नए लोकप्रिय चेहरों की तलाश कर उम्मीदवार बनाया जा सकता था। काफी संख्या में नए चेहरे भी उतारे गए हैं। वास्तव में इसके पीछे दूरगामी सोच दिखती है। पिछले नौ वर्षों में भाजपा नरेंद्र मोदी पर जरूरत से अधिक निर्भर हो गई है। जनता में उनकी लोकप्रियता है और इसका लाभ पार्टी को मिलता है।

कहा गया कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को पार्टी ने हाशिये पर धकेल दिया है और संभव है कि उनको टिकट भी न दिया जाए। लेकिन बुधनी से उन्हें उम्मीदवार घोषित किया जा चुका है। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया लगातार चुनाव अभियान में हैं और नरेंद्र मोदी की सभा में भी उनकी उपस्थिति रही। यही स्थिति रमन सिंह की छत्तीसगढ़ में भी है। यानी किसी को हाशिये पर धकेला नहीं गया, किंतु अकेले वही चेहरा पार्टी का नहीं रहने दिया गया है। कई लोकप्रिय और प्रभावी चेहरे मैदान में हैं, जिनकी संगठन से लेकर आम जनता में भी लोकप्रियता है। सबके मन में भाव यही है कि चुनाव जीतने के बाद हममें से कोई मुख्यमंत्री हो सकता है। यानी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी नहीं है और इस कारण सरकार गठित होने पर किसी के विरुद्ध असंतोष की आशंका भी कम हो जाती है। एक मुख्यमंत्री ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं किया, तो दूसरे को अवसर मिल सकता है। कुल मिलाकर पार्टी एक व्यक्ति के चेहरे और उसके निर्णय पर निर्भर नहीं रहेगी।

**- अवधेश कुमार**

## संपादकीय

### एक जैसा मानदंड अपनाइए

चीनी धन हर रूप में भारतीय हितों के खिलाफ है, तो आखिर देश की बड़ी कंपनियों में पीबीओसी के निवेश को क्यों इजाजत मिली हुई है? भारत सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि चीन को वह भारत का प्रतिद्वंद्वी मानती है या शत्रु। एक बिजनेस अखबार ने अपने पहले पेज पर प्रमुखता से एक ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित की है, जो सामान्य दिनों में खबर मानी भी नहीं जाती। भूमंडलीकरण के बाद के दौर में विभिन्न देशों की कंपनियों में अन्य देशों के बैंकों या कंपनियों का निवेश एक आम चलन है। इसके बावजूद इस रिपोर्ट ने ध्यान खींचा, तो उसकी वजह मौजूदा संदर्भ है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की किन कंपनियों में अभी भी हजारों करोड़ रुपए का चीन के केंद्रीय बैंक-पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) का निवेश है। इन कंपनियों में इन्फोसिस, आईसीसीआईसी बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, मारुति सुजूकी, एशियन पेन्ट्स आदि शामिल हैं। यह विवरण ठीक उस समय आया है, जब वेबसाइट न्यूजक्लिक पर ऐसा अनुदान लेने के मामले में यूएपीए जैसे सख्त कानून के तहत कार्रवाई की गई है, जिसमें चीनी धन होने का भी संदेह है। यह तथ्य भी जरूर स्पष्ट कर लेना चाहिए कि भारत में मीडिया कारोबार में विदेशी धन आना भी अब प्रतिबंधित नहीं है। न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने एक ऐसे श्रीलंकाई मूल के अमेरिकी उद्योगपति की संस्था से चंदा लिया, जिसका कारोबार चीन में भी है।

## इजराइल-हमास युद्ध- धर्म सिर्फ विश्वास का नहीं तर्क का विषय, क्या है जंग का कारण?

*धर्म का वास्तविक उद्देश्य होता है इंसान को उसके बंधन से और दु:ख से आजाद करना और जब धर्म वास्तविक नहीं होता, आपको आनंद नहीं दे पाता तो आप चिढ़े-चिढ़े घूमते हो क्योंकि सब कुछ पालन करने के बाद भी भीतर से कोई त्रिप्ती शांति मिल नहीं रही होती। ऐसे में कोई आ करके थोड़ा आपको कोच दे, थोड़ा आपके जो भी इष्ट हैं, उनको एक दो चुभती बातें बोल दे तो आप के भीतर तुरंत विस्फोट हो जाएगा, हिंसा ऐसे ही जन्म लेती है।*

कोई भी लड़ाई या हर दर्जे की क्रूरता हमें यही बताती है कि धर्म एक आम आदमी के लिए, उसके किस्से-कहानियों, मान्यताओं का एक पिंड मात्र है। मेरे पास मेरी कहानी है, आपके आस आपकी कहानी है और मैं कुछ भी मान सकता हूं, आप भी कुछ भी मान सकते हैं, मैं मान सकता हूं कि मेरा भगवन यह है और आप भी मान सकते हैं कि आपका पैगंबर वो है।

अब जब हर आदमी अपनी मान्यता के हिसाब से चलेगा तो लड़ाई तो होगी ही, ये ऐसी सी बात है कि एक ने सपने में देखा कि सेब नारंगी होता है, दूसरे ने देख लिया कि सेब हरा होता है, किसी तीसरे ने देख लिया कि सेब पीला होता है। असल में सेब क्या है, यह किसी ने नहीं देखा। पर सपने तीनों ने देखे हैं तो तीनों उठ के लड़ रहे हैं कि सेब का असली रंग क्या होता है? असलियत में



सेब होता भी है कि नहीं, यह भी किसी ने नहीं देखा। पर सपना तीनों ने देख लिया है।

अब वैसे तो आज जो युद्ध चल रहा है, इस्लाम में और यहूदी मत में कायदे से यह लड़ाई होनी ही नहीं चाहिए क्यूंकि दोनों मत एक दूसरे के बहुत पास के हैं, दोनों ही अब्राहमिक धारा से आते हैं, यहूदियों के जो पैगंबर हैं उनको इस्लाम भी स्वीकारता है, पर फिर भी लड़ाई हो रही है। क्योंकि दोनों आस-पास के तो हैं लेकिन एक नहीं है, दोनों ही जिन जगहों को पवित्र मानते हैं, वो भी बिल्कुल आस-पास की है पर एक नहीं हैं तो लड़ाई हो गई। येरुसलेम है, उसको लेकर के बड़ी मार-पीट मची है, उसमें सिर्फ यहूदियों की और मुसलमानों की ही आस्था नहीं है, उसमें ईसाइयों की भी आस्था है। अब एक ही शहर है जिसको तीनों पवित्र मानते हैं लेकिन फिर भी तीनों लड़े हुए हैं आपस में और ऐसा नहीं है कि सिर्फ इस्लाम की ही यहूदियों से नहीं बनी है आप अगर अतीत में जाएंगे तो ईसाइयों और यहूदियों की भी नहीं बनी है जबकि ये तीनों एक ही जगह से आ रहे हैं। जो इनका केंद्रीय विश्वास है, वो एकदम एक है लेकिन फिर भी भिन्न मान्यताओं के कारण, इनकी आपस में तकरार है। जहां कहीं भी खेल मानने का होगा वहां पर तो लड़ाई होनी ही होनी है। लड़ाई सिर्फ एक तरीके से नहीं हो सकती कि खेल मानने का नहीं, सिर्फ जानने का हो। जब धर्म का अर्थ हो जाएगा जिज्ञासा, तब धर्म एकता का स्रोत बन जाएगा। और जब तक धर्म का अर्थ होगा मान्यता, तब तक धर्म के नाम पर फसाद के अलावा कुछ होना सम्भव है ही नहीं। आप सोच के देखो न मैं अपने एक भगवान में मान्यता रखता हूं और मेरे भगवान एकदम गोरे हैं और आप एक दूसरे भगवान में मान्यता रखते हो जो भूरे दिखते हैं। अब मान लीजिए मैं और आप दोनों ही मूर्ति पूजा में विश्वास रखते हैं। आपने एक भूरी मर्ति बना दी जो मेरे हिसाब से गोरी होनी चाहिए थी तो मैं अभी उसके आगे सर नहीं झुका पाऊंगा दिल से, क्योंकि मेरे हिसाब से भगवान तो गोरे हैं। और इससे आपकी आस्था को चोट लगेगी, और जब आपकी आस्था को बार बार चोट लगेगी तो आप मुझे चोट दोगे और मैं और ज़्यादा आपके भगवान को बुरा भला बोलूंगा। जहां बुरा भला बोला नहीं कि आप मेरी हत्या कर दोगे। फिर मेरी हत्या के बाद जो मेरे जैसे और गोरे भगवान को मानने वाले लोग हैं वो आपकी जान के दुश्मन बन जाएंगे और हत्या का खूनी खेल आगे बढ़ता ही जाएगा।

**- आचार्य प्रशांत**

## मिला जुला

# अब इजरायल बोला- गाजा पट्टी पर कब्जा मकसद नहीं

### हमास से जंग में अमेरिका भी मार चुका है पलटी



**वाशिंगटन.** इजरायली सेना हमास के गढ़ गाजा पट्टी पर लगातार आगे बढ़ रही है। रविवार को नागरिकों के लिए अल्टीमेटम जारी करने के बाद इजरायली सेना कभी भी गाजा पट्टी पर वायु, थल और जल मार्ग से कहर बनकर टूट सकती है। इसमें कोई शक नहीं कि इजरायली सेना गाजा पट्टी पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना चाहती है। इजरायल की इस इच्छा पर अमेरिका भी बैचेन है। जो बाइडेन को सार्वजनिक रूप से यह कहना पड़ा कि गाजा पर पूर्ण नियंत्रण इजरायल की बड़ी गलती होगी। इस बीच संयुक्त राष्ट्र में इजराइली राजदूत गिलाद एर्दान ने कहा है कि उनके देश को गाजा पर कब्जा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। हालांकि एर्दान ने यह जरूर कहा कि फिलिस्तानी आतंकियों को जड़ से मिटाने के लिए जो बनेगा वह करेंगे। संयुक्त राष्ट्र में इजरायली राजदूत गिलाद एर्दान की यह टिप्पणी सीएनएन को दिए साक्षात्कार के दौरान रविवार को सामने आई। दिलचस्प यह है कि एर्दान का यह कमेंट जो बाइडेन के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि गाजा पट्टी पर पूर्ण नियंत्रण इजरायल के लिए गलती होगा। शनिवार से यहूदी राष्ट्र ने संकेत दिया है कि वह हमास के साथ चल रहे युद्ध के बीच गाजा पट्टी पर जमीनी आक्रमण की तैयारी कर रहा है।

**हमास का खात्मा तो गाजा पर राज कौन करेगा**

जब उनसे पूछा गया कि अगर इजरायल हमास को हटा देता है तो गाजा पट्टी पर किसका शासन होना चाहिए, एर्दान ने कहा कि उनका देश यह नहीं सोच रहा है कि युद्ध के एक दिन बाद क्या होगा।

**अमेरिका भी मार चुका है पलटी**

इससे पहले रविवार को प्रसारित सीबीएस न्यूज़ साक्षात्कार में, राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि इजरायल के लिए गाजा पर फिर से कब्जा करना एक गलती होगीफ, लेकिन यह भी कहा कि चरमपंथियों को हटाना एक आवश्यक आवश्यकता है।

#### नहीं खत्म होगी जिंदगी!

# सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की परमिशन



**सुप्रीम** कोर्ट ने 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। गर्भवती महिला ने इस संबंध में अर्जी दाखिल की थी, जिस पर लंबी सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने अपना निर्णय दिया। इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि हम एक जिंदगी को खत्म नहीं कर सकते हैं। अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एकदम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। यदि महिला बच्चे को नहीं रखना चाहती है तो सरकार को सौंप सकती है और वह उसका ख्याल रखेगी। बेंच ने कहा कि भ्रूण 26 सप्ताह 5 दिन का है। मां और बच्चे को कोई खतरा नहीं है। भ्रूण की ग्रोथ एकदम सामान्य है। इसलिए उसे जन्म लेने देना चाहिए।

इससे पहले अदालत ने एम्स की रिपोर्ट पर विचार किया, जिसमें कहा गया था कि महिला की सेहत सामान्य है। वह बच्चे के जन्म के बाद उसकी देखभाल करने की स्थिति में है। अस्पताल ने कहा कि महिला और उसके शरीर में पल रहे बच्चे की उचित देखभाल की जा रही है। दोनों में कोई कमी नहीं है और भ्रूण सही से विकसित हो रहा है। एम्स की रिपोर्ट में कहा गया, यह पाया गया है कि महिला और उसके भ्रूण की स्थिति सही है। उन्हें प्रॉपर मेडिकल निगरानी में रखा गया है। दोनों की स्थिति सही है और बच्चे के जन्म के बाद भी कोई परेशानी नहीं होगी। यदि किसी भी तरह से दिक्कत आती है तो महिला को तुरंत अस्पताल में एडमिट किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने एम्स की रिपोर्ट के बाद कहा कि यदि महिला बच्चे को अपने पास नहीं रखना चाहती तो फिर जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है। दरअसल महिला का कहना था कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और कई बीमारियों से वह जूझ रही है। ऐसे में वह बच्चा पैदा करने की स्थिति में नहीं है और उसे 26 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात को गिराने की इजाजत मिलनी चाहिए। दरअसल भारत के कानून के मुताबिक 24 सप्ताह से अधिक के भ्रूण को नहीं गिराया जा सकता। इसके लिए कानूनी मंजूरी के बाद ही डॉक्टर और संबंधित लोग कोई फैसला ले सकते हैं।

# शिंदे बोले- उद्धव ने समाजवादियों को बढ़ावा देकर पाप किया

### ठाकरे का पलटवार- BJP ने भी तो पाकिस्तानी क्रिकेटर...



**मुंबई.** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता उद्धव ठाकरे ने रविवार (15 अक्टूबर) को समाजवादी पार्टियों की एक सभा में कहा कि अगर भाजपा नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पाकिस्तानी क्रिकेटर्स पर फूल बरसा सकती है, तो वे भी समाजवादी पार्टियों से बात कर सकते हैं।

दरअसल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने समाजवादी पार्टियों का साथ देने के चलते उद्धव ठाकरे पर पाप करने का आरोप लगाया था। शिंदे ने रविवार को ठाणे में कहा कि जिन समाजवादियों ने शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे का अपमान और विरोध किया था, उद्धव उनका साथ दे रहे हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा- जो लोग हिंदुत्व की बात करते हैं, उन्हें कांग्रेस जैसी पार्टियों के साथ हाथ मिलाने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। बाल ठाकरे ऐसी पार्टियों को हमेशा के लिए दफन कर देना चाहते थे। आने वाले चुनावों में जनता ऐसे लोगों के नकली हिंदुत्व मुखौटे को उतार देगी।

**उद्धव बोले- शिवसेना और समाजवादियों के बीच वैचारिक मतभेद था**

शिंदे पर पलटवार करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा- 1966 में स्थापित शिवसेना और समाजवादी पार्टियों के बीच मतभेदों का एक लंबा इतिहास रहा है। हालांकि, इसके बावजूद उनके पिता बाल ठाकरे और समाजवादी नेता संयुक्त महाराष्ट्र के साझा उद्देश्य के लिए एक साथ आए थे। मतभेदों को बैठकर बात करने से दूर किया जा सकता है। आपातकाल के खिलाफ आंदोलन में भी समाजवादियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मैं जिन समाजवादी पार्टियों से बात करता हूं, उनमें कई मुस्लिम हो सकते हैं लेकिन वे राष्ट्रवादी हैं जो लोकतंत्र की रक्षा करना चाहते हैं।

### बाइडेन ने मारी पलटी, अब बोले- गाजा पर कब्जा बड़ी गलती

इजरायली सेना ने गाजा की सीमा पर टैंक तैनात किया है और कहा कि चरमपंथी समूह को खत्म करने के लिए एक व्यापक अभियान होगा. इजरायल के जोरदार हवाई हमलों ने पूरे गाजा पट्टी को ध्वस्त कर दिया है. आपको बता दें कि हमास और इजरायल का युद्ध सोमवार को अपने 10वें दिन में प्रवेश कर चुका है. फलस्तीनी अथॉरिटी के प्रमुख महमूद अब्बास से मुलाकात अमेरिका शुरू से ही इजरायल को हमास के खिलाफ जारी जंग में समर्थन दे रहा है. इससे पहले अमेरिका ने इजरायल को समर्थन दिखाने के लिए अपने दो वॉरशिप इजरायल के समुद्री सीमा के पास भेजे हैं. वहीं कई फाइटर जेट भी भेजने का प्लान बनाया है. हालांकि, अब खुद राष्ट्रपति जो बाइडेन का इजरायल को दिया गया गाजा पर कब्जा न करने वाला बयान कई सवाल खड़ा करता है कि कही वो मिडिल ईस्ट देशों को हित में रखकर ऐसा तो नहीं कर रहे हैं.

# निठारी कांड में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, सुरेंद्र कोली और मनिंदर पंढेर की फांसी की सजा रद्द



**नोएडा** के कुख्यात निठारी कांड में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आरोपी सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर की फांसी की सजा को रद्द कर दी है। अदालत ने पारित अपने आदेश में दोनों को बरी कर दिया। इसके पहले गाजियाबाद की सीबीआई अदालत ने लड़कियों के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप तय करते हुए दोनों आरोपियों को फांसी की सजा दी थी। हालांकि अब कोर्ट ने सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह दोनों को निर्दोष करार दिया है। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट निठारी कांड में सीबीआई कोर्ट गाजियाबाद द्वारा सुरेंद्र कोली व मनिंदर सिंह पंढेर को मिली फांसी की सजा के खिलाफ अपील मंजूर कर ली है। आरोप संदेह से परे साबित न हो पाने के कारण निर्दोष करार देते हुए बरी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, निठारी कांड में सीबीआई ने कुल 16 मामले दर्ज किए थे। इनमें से सुरेंद्र कोली को 14 मामलो में फांसी की सजा मिली है। वहीं मनिंदर सिंह पंढेर कुल 6 मामले दर्ज किए गए थे। पंढेर को 3 मामलों में फांसी मिल चुकी है। हालांकि दो मामलों में वह पहले ही बरी हो चुका है। सीबीआई ने 2005 से 2006 में नोएडा में हुए निठारी मामले में सुरेंद्र कोली को हत्या, अपहरण, बलात्कार और सबूत मिटाने के केस में आरोपी बनाया था। वहीं पंधेर पर मानव तस्करी का भी आरोप लगा था। दोनों ने दो मामलों को लेकर फांसी की सजा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती थी।

# निर्वाचन में अनुशासन व समय सबसे महत्वपूर्ण, जिला निर्वाचन अधिकारी

## विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल संपादन के लिए जिले में सतत चल रहा प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।





विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल निष्पादन के लिए जिले के विभिन्न स्थल पर सतत प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा तीन प्रशिक्षण स्थल जिसमें शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर और शासकीय बालक माध्यमिक शाला सूरजपुर शामिल है, का निरीक्षण किया गया। इन तीनों प्रशिक्षण स्थल में पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग का प्रशिक्षण, मतदान की ड्यूटी में लगाए गये कैंडिडेट को दिया जा रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनरों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन और निर्देशों के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी मुहैया कराई जा रही है। ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षार्थी निर्वाचन का सफलतापूर्वक संपन्न कर सकें। प्रशिक्षण में उपस्थित जनों को मत पत्र लेख, मॉक पोल के दौरान कम से कम कितने वोट डालने हैं, ईवीएम मशीनों को जोड़ने का क्रम, मतदान दिवस पर मतदान प्रकोष्ठ में वीवीपीएटी रखने की प्रक्रिया, मॉक पोल की पर्चियां किस रंग के लिफाफे में रखी जाएंगी। मतदान दिवस पर मॉक पोल कितने समय पूर्व प्रारंभ होता है, मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेजों की सूची, स्पेशल टैग में किस मशीन का नंबर लिखा जाता है, मतदान दिवस पर राजनीतिक दलों के बुथ की दूरी कितनी होनी चाहिए।

मतदाता को कौन से हाथ की उंगली में अमिट स्याही लगाई जानी चाहिए, मतदान केंद्र पर मतदाता अभिकर्ताओं के बैठने का क्रम क्या होता है, मतदान प्रक्रिया के दौरान एक अशक्त मतदाता के साथी की किस उंगली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी। मतदान समाप्ति पर कंट्रोल यूनिट का कौन सा बटन दबाना है, संग्रहण केंद्र पर मतपत्र लेखा की कितनी प्रति जमा करनी है, डाकमत पत्र हेतु किस प्रारूप में आवेदन किया जाना है। इत्यादि के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन में अनुशासन व समय की महत्ता के संबंध में बताया। उन्होंने उपस्थित जनों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश व गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने की हिदायत भी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन में जानबूझकर की गई लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन की अवधि के दौरान सभी को निष्पक्ष रहने की बात भी कही। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अपना योगदान देने की अपील भी की।

# एक व्यक्ति ने खुद पर आग लगाकर महामाया कुंड में कूदकर जान दी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

**रतनपुर महामाया मंदिर परिसर स्थित पंचमुखी शिव मंदिर के पास एक व्यक्ति ने खुद पर आग लगा ली। इसके बाद वह मंदिर के पास स्थित कुंड में कूद गया। इधर मंदिर के आसपास मौजूद लोग घटना को देखकर सकते में आ गए। उन्होंने इसकी जानकारी रतनपुर पुलिस को दी।**





इस पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने कुंड में तलाशी अभियान चलाकर अधेड़ के शव को निकाल लिया है। मृतक की पहचान कर ली गई है। फिलहाल उसके स्वजन की जानकारी नहीं मिल पाई है। मंदिर परिसर में खुद पर आग लगाकर कुंड में कूद गया होटल कर्मी ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली, जानकारी मिली है कि रतनपुर के महामाया मंदिर के पास शर्मा भोजनालय में काम करने वाले बलराम यादव मंदिर के आसपास ही रहता था। सोमवार की सुबह छह बजे के करीब वह मंदिर की ओर गया था। महामाया मंदिर परिसर के अंदर पंचमुखी शिव मंदिर के पास वह कुछ देर टहलता रहा फिर अचानक उसने खुद पर आग लगा ली और कुंड में कूदकर जान दे दी फिल हाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और रतनपुर पुलिस जांच में जुटी हुई है पुलिस होटल मालिक से पूछताछ कर उसके परिवार के बारे में जाने की कोशिश कर रही है कहां से आया था और कब से होटल में काम कर रहा थे किन कारणो से आत्महत्या किया जानकारी में जुटी है रतनपुर पुलिस।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव परिणाम तक के लिए जनदर्शन स्थगित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी ने छत्तीसगढ़ में हो रहे विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला जनदर्शन को आगामी विधानसभा चुनाव परिणाम तक के लिए स्थगित किया है।

# सी-विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग विधानसभा निर्वाचन.2023 में भी सी.विजिल मोबाइल एप लेकर आया है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। इसके लिए अब उसे निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। जिले में अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी। सी.विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उड़नदस्ता एफएसटी तुरंत मौके पर पहुंच कर जरूरी कार्रवाई करेगा। इस एप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत ऐप पर कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। 100 मिनट में शिकायत पर एक्शन होगा। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी चुनाव में निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ जहां गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

## ऐसे काम करता है यह ऐप

यह एप एंड्रॉयड और आईओएसए दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमराए लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिंदी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको फोन नंबर लिखना होगाए जिस पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नामए पताए राज्यए जिलाए विधानसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगाए जहां आपको फोटोए वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैंए वह विकल्प चुन कर आप आयोग को गड़बड़ी की जानकारी पहुंचा सकते हैं।

# महिलाओं का पार्टी करती है सम्मानः समीर उरांव, जीतने वालों को ही दिया टिकट


**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य सभा सदस्य व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि पार्टी महिलाओं का सदैव सम्मान करती है और प्रदेश में 33 प्रतिशत महिलाओं को टिकट दी जा रही है। जिले में सर्वे के बाद जीतने वाले चेहरों को ही टिकट प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की योजनाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए कार्यो और कांग्रेस की नाकामियों को जनता के बीच लेकर जा रहे है। केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई है, पर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने उसे दबा दिया।

अपने कोरबा प्रवास के दौरान उरांव ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने कोरबा जिला की चारो सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। चुनाव तक उनके साथ रहकर चारों सीट पर कमल खिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पांच वर्षो में जनता को ठगने का ही काम किया है। इस बार जनता ने इसे बदलने का मन बना लिया है। जिले में भी निश्चित ही बदलाव होगा। जनता के विकास को फोकस कर चुनाव लड़ रहे है। ट्रेनों की लेटलतीफी पर कहा कि रेल्वे इंफ्रास्ट्रक्चर का काम केंद्र की मोदी सरकार कर रही है, इसके तहत छह हजार करोड़ का फंड दिया गया है। इससे पहले इतना फंड कभी नहीं दिया गया। काम पूर्ण होने के साथ ही ट्रेनों पूर्ववत व बेहतर तरीके से चलने लगेगी।

# सी-विजिल एप से कर सकेंगे आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

**स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग विधानसभा निर्वाचन-2023 में भी सी.विजिल मोबाइल एप लेकर आया है।**




इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। इसके लिए अब उसे निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। जिले में अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतें होने पर समय रहते कार्रवाई की जाएगी। सी.विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उड़नदस्ता एफएसटी तुरंत मौके पर पहुंच कर जरूरी कार्रवाई करेगा। इस एप के माध्यम से आने वाली हर शिकायत पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। इसमें शिकायतकर्ता शराब, पैसे बांटने या आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत ऐप पर कर सकते हैं। इसमें शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा। 100 मिनट में शिकायत पर एक्शन होगा। ऐप पर फोटो अपलोड करना होगा। शिकायतकर्ता को यह भी लिखने की जरूरत नहीं होगी कि वह कहां है। यानी इस ऐप के जरिए मतदाता भी चुनाव में निगरानी कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से मतदाता फोटो और वीडियो के साथ जहां गड़बड़ी हो रही हो उस स्थान की लोकेशन भी भेज सकते हैं और लिखकर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा सकते हैं।

## ऐसे काम करता है यह ऐप

*यह एप एंड्रॉयड और आईओएसए दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एंड्रॉयड यूजर इसे गूगल प्ले स्टोर से और एपल यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इंस्टॉल करने पर कैमरा, लोकेशन और ऑडियो और फाइल्स एक्सेस करने की अनुमति मांगी जाती है। इसके बाद भाषा चुनने का विकल्प मिलता है जहां आप हिंदी या अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते हैं। इसके बाद आपको फोन नंबर लिखना होगा, जिस पर एक ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद आपको अपने नाम, पता, राज्य, जिला, विधानसभा क्षेत्र और पिन कोड की जानकारी देनी होगी। ये जानकारियां देने के बाद आपको वेरिफाई पर क्लिक करना होगा। इसके बाद एप का होम पेज खुल जाएगा। जहां आपको फ टो, वीडियो और ऑडियो के विकल्प मिलेंगे। आप जिस भी माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवाना चाहते हैं, वह विकल्प चुन कर आप आयोग को गड़बड़ी की जानकारी पहुंचा सकते हैं।*

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के सम्बंध में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में राज्य के सभी जिलों के लिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रखी गई थी। जिसमें बताया गया कि निर्वाचन में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए ईएसएमएस,चुनावी जप्ती प्रबंधन प्रणाली, एप्लीकेशन को उपयोग में लाया जा रहा है। धनबल और चुनावी प्रलोभन के इस्तेमाल पर नजर रखने के लिए इस तकनीक को स्थापित किया गया है। ईएसएमएस अपराधों के खिलाफ केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई की निगरानी भी करेगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जानकारी दी गई कि ईएसएमएस एक ऐसी प्रणाली है जो प्रवर्तन,जेंसियों के बीच निर्भर समन्वय और खुफिया जानकारी साझा करना सुनिश्चित करती है। ईएसएमएस एक ऐसा मंच है। जहां सभी केंद्रीय और राज्य प्रवर्तन एजेंसियां शामिल होंगी। इन एजेंसियों द्वारा प्रत्येक गतिविधि जिसमें अवैध नगदीए शराबए ड्रग्स इत्यादि जब्ती का विवरण रिकॉर्ड के रूप में अपलोड करना आवश्यक है। इस क्षेत्र से वास्तविक समय पर अपडेट के साथ-साथ ऐसी एजेंसियों के बीच समन्वय और खुफ्यिा जानकारी साझा करने में मदद मिलेगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के साथ-साथ अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# जंगल में छोड़े जा रहे मवेशी, लोग नाराज

**कोरबा ।** नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र में आवारा मवेशियों को नगर के कुछ लोगों द्वारा खदेड़ कर झोरा सिरकी के जंगलों मे छोड़ दिया गया। इस पर लोगों ने विरोध जताया। नगर पंचायत छुरीकला क्षेत्र में लगभग 200 मवेशियों को नगर के कुछ लोगों द्वारा खदेड कर झोरा सिरकी के जंगल में छोड दिया गया इसकी जानकारी होने पर कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। हालांकि नगर में गोठान बनाए गये हैं परंतु गोठान गुणवत्ताहीन बनाए जाने से व गोठान में किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं होने से जानवर गोठान में रूक नहीं पा रहे हैं और बाहर निकल जा रहे हैं। नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के कारण शासन की महत्वकांक्षी योजना को पलीता लग रहा है। वहीं पशुपालक अपने मवेशियों को बांधकर नहीं रख रहे।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान राज्य के समस्त आसवनी, बॉटलिंग यूनिट, ब्रुअरी, देशी मदिरा भंडारगार, एवं विदेशी मदिरा गोदामों के साथ-साथ देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों की नियमित रूप से जांच एवं मॉनिटरिंग किए जाने का निर्देश निर्वाचन आयोग द्वारा दिया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह द्वारा सारंगढ़ एवं रेड़ा स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मदिरा दुकान में बॉटलिंग, देशी और अंग्रेजी शराब की खपत के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीवी के बारे में पूछा जिस पर उपस्थित सुपरवाइजर एवं स्टाफ ने अद्यतन जानकारी दी। मदिरा की आमद एवं विक्रय स्कैनर द्वारा स्कैन करके होना पाया गया, साथ ही मदिरा दुकान में संग्रहित मदिरा की पेटियों में से कुछ मदिरा की बोतलों का दुकान के स्कैनर से स्कैन करवाने पर स्कैन होना पाया गया एवं सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से संचालित होना पाया गया। साथ ही समस्त पंजीयन अद्यतन पाई गई एवं मदिरा का विक्रय नगद होना पाया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने साफ सफ ाई बनाए रखने एवं दीवारों में पेंट करवाने को कहा, साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि लाइटिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही मदिरा दुकान का संचालन लाइसेंस शर्तों के अनुसार निर्धारित समय तक ही करें। किसी भी व्यक्ति को निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में मदिरा का विक्रय ना करें एवं समस्त अभिलेख प्रतिदिन अध्ययन रूप से संधारित करें एवं प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर 14405 में तत्काल अवगत कराएं। निरीक्षण के दौरान रायगढ़ जिले के सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलिमा दिघ्रस्कर एवं वित्त आबकारी उप निरीक्षक विकास पाल सांडे उपस्थित थे।



# चुनाव प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण - कलेक्टर

## पीठासीन के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने आज शासकीय ई व्ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल में चुनाव कार्य संपन्न कराने नियुक्त पीठासीन अधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निष्पक्ष, स्वतंत्र तथा शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का विस्तार से अध्ययन करने तथा प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यानपूर्वक सुनने व अमल में लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने चुनाव प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के संबंध में विशेष निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष एवम पारदर्शी मतदान हेतु



**अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश**

मतदान दलों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सभी निर्वाचन आयोग के एक अंग हैं। मतदान प्रक्रिया में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना है। अपना आचरण एवम व्यवहार सही रखते हुए मतदाताओं के समक्ष निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी ईव्हीए मशीन का संचालन स्वयं करके देखें। उन्होंने मतदान तिथि के पूर्व तथा मतदान के दिन समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं अवश्य सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ईव्हीएम द्वारा मतदान की कार्यप्रणाली, मतदान दलों को ईव्हीएम को मतदान के लिए तैयार करने, ईव्हीएम में इरर का निराकरण, ईव्हीएम के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली, मतदान के दौरान सावधानी, एवं आवश्यक कार्यवाही एवं प्रक्रिया, बैलेट यूनिट और कंटोल यूनिट की सिलिंग की प्रक्रिया तथा मतदान संपन्न होने के बाद सामग्री जमा करने की निर्धारित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी मतदान दलों को प्रदान करने के लिए प्रशिक्षकों को निर्देशित किया।



उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर पीठासीन अधिकारियों का चुनाव कार्य के प्रशिक्षण का सघन निरीक्षण किया और कहा कि चुनाव दल के किसी भी सदस्य को यदि चुनाव से संबंधित किसी भी कार्य में कोई असुविधा महसूस हो रही हो, दुविधा हो तो वे उसका समाधान मास्टर टेनर्स से अवश्य करें। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण के प्रशिक्षण में शासकीय पीजी कॉलेज कोरबा में 666 में से 615 प्रशिक्षणार्थी और कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में 668 में से 651 पीठासीन अधिकारी उपस्थित हुए। अनुपस्थित पीठासीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। मतदान दल अधिकारी क्रमांक 01 का प्रशिक्षण 17 अक्टूबर को तथा मतदान अधिकारी क्रमांक 02 और 03 का प्रशिक्षण 18 अक्टूबर को दो पालियों में उक्त स्थान पर आयोजित किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर दिनेश नाग तथा जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज उपस्थित थे।

# कलेक्टर गोयल ने एसपी सदानंद कुमार के साथ स्ट्राँग रूम का किया निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था व वाहनों के पार्किंग के संबंध में दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान सामग्री वितरण और मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के साथ केआईटी कॉलेज में तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंचे। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर गोयल ने सभी विधानसभा के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण कर वहां ईवीएम को रखने की व्यवस्था को देखा। इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम के सुरक्षा के संबंध में उन्होंने जानकारी लेते हुए पूरे एरिया को सुरक्षित करने के लिए ठोस बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सभी आवश्यक जगहों पर सीसीटीवी लगाने के लिए निर्देशित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने पूरे परिसर में मतदान पश्चात ईवीएम की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती को लेकर दिशा निर्देश दिए। स्ट्रॉन्ग रूम से

**मतदान सामग्री वितरण और मतगणना के लिए सारी तैयारियां पूरा करने के दिए निर्देश**

काउंटिंग रूम तक ईवीएम के मूवमेंट के रूट का भी अधिकारियों ने मुआयना किया। कलेक्टर गोयल ने पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के दिन लोगों की काफ ी आवाजाही रहेगी। उसके अनुरूप सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो इसके लिए जरूरी इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं। कलेक्टर गोयल ने परिसर में विधानसभावार सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तैयारियों की एक विस्तृत रूपरेखा बनाने के लिए संबंधित नोडल अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा। साथ परिसर में लोगों के लिए पेयजल, शौचालय, मेडिकल हेल्प सेंटर और कैंटीन व्यवस्था के लिए भी तैयारियां जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

*कलेक्टर गोयल ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को पार्किंग व्यवस्था के साथ वाहनों के सुचारू आवाजाही के लिए सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।*

# जूटमिल पुलिस और फ्लाईग स्क्वॉड के सघन जांच में 3 कार से बरामद हुआ 15,64,500 रूपये नकद

## वाहन में बैठे व्यक्ति नहीं दे पाए कोई माकूल जवाब, चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप जूटमिल पुलिस जप्त की संदिग्ध रकम

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़ ।

कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जिले में प्रवेश करने वाले चेक पोस्ट पर स्थैतिक निगरानी दल प्रवेश करने वाले वाहनों एवं व्यक्तियों की कड़ी निगरानी कर रही है । साथ ही किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई के लिये फ्लाईंग स्क्वॉड की विभिन्न टीमें सक्रिय है ।

वहीं वरिष्ठ पुलि अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमें पेट्रोलिंग के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहा में वाहनों एवं व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल में लगी हुई है । इसी क्रम में आज दिनांक 16.10.2023 को थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत स्नस्ज्ञ टीम एवं जूटमिल पुलिस की संयुक्त कार्यवाही दौरान छातामुड़ा चौक के पास वाहनों की चेकिंग दौरान ब्रेजा वाहन क्रमांक



सीजी 13 ए0एम0 9487 को चेक किया गया कर में सवार नीरज अग्रवाल पिता कृष्ण अग्रवाल 44 साल निवासी सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ के पास रखे बैक को चेक करने पर बैग में 2 लाख 64 हजार 500 रूपये बरामद हुआ । इसी प्रकार सेंट्रो कार क्रमांक ष्ट्त 04 एम0 टी0 8453 को चेक करने पर कार में सवार बबलू मलिक पिता हबीब मलिक निवासी गौशाला पैजमुडा जिला संबलपुर के पास बैग में 4,00,000 रुपए नगद बरामद हुआ । इसी क्रम में एक और टाटा हैरियर कार सीजी 13 ए0आर0 1594 को चेक करने पर कर में सवार रमेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल निवासी कोड़ातराई के पास बैग में ?9,00,000 नगद बरामद हुआ पूछताछ में कैश के संबंध में संबंधित व्यक्तियों के द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया । विदित हो कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 50,000 रूपये से अधिक कैश के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना होगा । पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन के दृष्टिगत कुल नकद 15,64,500रूपयों की विधिवत जप्ती कार्यवाही कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है । थाना जूटमिल में सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम गगन शर्मा , सीएसपी अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा कार्रवाई की जानकारी मीडिया के साथ साझा किया गया।

विधानसभा निर्वाचन 2023

# पुलिस, आयकर सहित अन्य विभागों की बैठक हुई आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिले में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे की उपस्थिति में पुलिस, आयकर सहित अन्य विभागों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, जिला परिवहन अधिकारी शशिकांत कुर्रे, आयकर, रेल्वे, लीड बैंक मैनेजर सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान जिले में अवैध धन की जब्ती हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। जिले में निर्मित सभी बैरियर चेकपोस्ट पर तैनात स्थैतिक निगरानी दल द्वारा आने-जाने वाली सभी गाड़ियों की मुस्तैदी से जांच करें। इस हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में उड़नदस्ता दल स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जांच में किसी व्यक्ति से नगदी दस लाख रुपये जब्त होने पर तत्काल इसकी जब्ती कर आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचना दी जायेगी। आयकर विभाग के अधिकृत अधिकारी जब्त रुपये सहित अन्य सामग्रियों की जांच करेंगे। एफ आईआर दर्ज के साथ जब्त रुपये, आभूषण के संबंध में दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**10 लाख से अधिक अवैध धन पाए जाने पर तत्काल जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु किया गया निर्देशित**



इस हेतु आयकर विभाग को अवैध धन की जब्ती के लिए प्रभावी कार्य योजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब्ती की कार्यवाही से बचने के लिए संबंधितों को रुपये एवं अन्य सामग्रियों से संबंधित आवश्यक सभी दस्तावेज अपने साथ रखना आवश्यक है। इसी प्रकार बैठक में रेलवे पुलिस बल को भी यात्रियों की गंभीरता से जांच कर अवैध धन प्राप्त होने पर तत्काल निर्वाचन शाखा को सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही एलडीएम को बैंक के माध्यम से होने वाले लेनदेन में निगरानी रखने के लिए कहा गया। बड़ी राशि के लेनदेन होने तथा किसी भी लेनदेन में शंका होने पर उसकी सूचना निर्वाचन की टीम को तत्काल देने के लिए निर्देशित किया गया।

# शारदीय नवरात्रि में ओपी चौधरी ने की शक्ति की आराधना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**शारदीय नवरात्रि में रायगढ़ विधान सभा के अधिकृत प्रत्याशी ओपी चौधरी शक्ति की आराधना हेतु देवी दरबार पहुंचे। पहले उन्होंने बूढ़ी माई के दरबार में माथा टेकते हुए रायगढ़ वासियों के सुख शांति समृद्धि की कामना की। जिला भाजपा के सभी नेताओं के साथ ओपी जामगांव स्थित मानकेश्वरी मंदिर भी गए।**



माता की आराधना करते हुए प्रदेश वासियों के लिए मंगल कामना की। ओपी ने कहा प्रदेश में अनादि काल से ही देवी आराधना की परंपरा रही है। नवरात्रि में ज्योति कलश स्थापना भी जनता के श्रद्धा का प्रतीक है। मनोकामना पूर्ण करने हेतु मंदिरो में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाने की भी परंपरा है। छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म को मानने वाले महादेव की उपासना के साथ साथ देवी की उपासना भी करते है। शक्ति स्वरूपा मां भवानी यहां की अधिष्ठात्री हैं। राजा, महाराजाओं, जमींदारों के दौर में कुलदेवी के रूप में प्रतिष्ठित देवी श्रद्धा के केंद्र है। छत्तीसगढ़ में देवियां विभिन्न रूपों में विराजमान हैं। सभी जगह श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ से देवी स्थल शक्तिपीठ के रूप में स्थापित हो गए है।

प्राचीन काल में देवी के मंदिरों में ज्वारा के साथ अखंड ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाता है। भक्तजनों द्वारा माता की आराधना एवं ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तमी पाठ की परंपरा है। छत्तीसगढ़ में पांच प्रमुख शक्तिपीठों में रतनपुर, चंद्रपुर, डोंगरगढ़, खल्लारी और दंतेवाड़ा प्रमुख है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकेश जैन पूर्व सभापति सुभाष पांडे राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य अनुसूचित जन जाति मोर्चा श्रीकांत सोमवार जिला भाजपा उपाध्यक्ष विकास केडिया जिला मंत्री सुरेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष लोइंग सुख लाल चौहान महामंत्री जयंत प्रधान सांसद प्रतिनिधि मनोज प्रधान पूर्व पार्षद दीपेश सोलंकी सहित जिला भाजपा के कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य जन मौजूद रहे।

# महिला मतदाताओं को वोट देना होगा आसान, संगवारी मतदान केंद्र होगी पहचान

## पिंक बूथ में महिला मतदाताओं को मिलेगी विशेष सहायता-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में महिला मतदाताओं की विशेष सहायता तथा सहूलियत के लिए पिंक बूथ भी बनाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में ऐसे मतदान केन्द्रों की पहचान की गई है। जहां विगत चुनाव में महिला मतदाताओं ने बढ़.चढ़कर मतदान किया था। साथ ही कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर पिंक बूथ निर्धारित किए गए है। पिंक बूथ में महिला मतदान अधिकारियों की ड्यूटी हेतु आज शासकीय साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला पीठासीन अधिकारियों को पिंक बूथ की अवधारणा एवं पिंक बूथ

**महिला पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों के विषय में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पिंक बूथ चिन्हित मतदान केन्द्रों में निर्धारित किए गए है। पिंक बूथ में सुरक्षा से लेकर पीठासीन एवं मतदान अधिकारी के रूप में महिलाएं ही होगी। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के रुप में प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं पिंक बूथ में निर्वाचन कार्य में बड़ी भूमिका निभा सकती है। कलेक्टर ने महिलाओं को किसी भी मामले में पुरुष से कम नहीं होने की बात बताते हुए कहा कि पिंक बूथ हेतु जो भी जिम्मेदारी दी गई है। उसका प्रशिक्षण ध्यान से प्राप्त करें। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों को ईव्हीएम, वीवीपैट संचालन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु ब्रेल लिपी से मतदान, मतदान संबंधी प्रपत्र भरने, डाकमत मतपत्र सहित अन्य कार्यों को विस्तार से बताकर प्रशिक्षित किया। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज ने बताया कि जिले के एक विधानसभा में 10.10 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें सभी मतदान अधिकारी महिलाएं होंगी। सभी मतदान अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी शाहरुख खान की डंकी, नहीं बढ़ाई गई डेट आगे



चार साल के बाद बड़े परदे पर वापसी करने वाले शाहरुख खान ने 2023 में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1200 करोड़ का कारोबार करने वाली दो फिल्में पठान और जवान दी हैं। उनकी इस सफलतम वापसी को आगे बढ़ाने का काम करने वाली राजकुमार हिरानी की डंकी, जो क्रिसमस के मौके पर 22 दिसम्बर को प्रदर्शित होने जा रही है। बीते दिन इस फिल्म के बारे में समाचार फैला कि राजकुमार हिरानी की शाहरुख खान अभिनीत डंकी 22 दिसम्बर को प्रदर्शित नहीं हो पाएगी। इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। यह फिल्म साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सालार' के साथ इस साल क्रिसमस के मौके पर 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।



## सौंदर्या शर्मा शाहरुख, अजय देवगन और अक्षय के साथ एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाली पहली अभिनेत्री बनी

सौंदर्या शर्मा इस समय सभी सही कारणों से इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं। यह अभिनेत्री अपनी सुंदरता और प्रतिभा के लिए जानी जाती है, लेकिन अब हर गुजरते दिन के साथ, वह जबरजस्त उपलब्धियां हंसिल रही है!सौंदर्या शर्मा आधिकारिक तौर पर शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की सुपरस्टार तिकड़ी के साथ एक ही साथ स्क्रीन साझा करने वाली पहली अभिनेत्री हैं।

यह खूबसूरत अभिनेत्री 'विमल इलायची' ब्रांड के एक विज्ञापन का हिस्सा है और जैसी कि उम्मीद थी, यह वीडियो कुछ ही समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो गया। सौंदर्या शर्मा जैसी उत्कृष्ठ प्रतिभा को लिए ये सही मंच है और उनके सभी प्रशंसकों को उनकी इस अनूठी उपलब्धि के लिए उन पर बहुत गर्व है।उसी के बारे में, सौंदर्या शर्मा बताती हैं की, हमारे देश के तीन सुपरस्टारों के साथ एक ही स्क्रीन स्पेस साझा करने का सौभाग्य मिला उसके लिए में आभारी हूँ।

बी-टाउन के तीन सुपरस्टार्स के साथ अभिनय करने के लिए चुनी गई एकमात्र लड़की होना कोई आसान काम नहीं है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सौंदर्या की इस सफलता को हाँसिल करने के लिए वास्तव में कठिन समय का सामना करना पड़ा होगा। जैसे ही विज्ञापन की स्ट्रीमिंग शुरू हुई सौंदर्या उम्मीद के मुताबिक यह वायरल हो रही है। चाहे वह सोशल मीडिया फैन पेज हों या सुंदर और मनमोहक मीम पेज, सौंदर्या सचमुच हर जगह है और हमें लगता है कि वह इसकी हकदार है। एक ही फ्रेम में इन तीन सुपरस्टारों के साथ अभिनय करने वाली एकमात्र अभिनेत्री होने के लिए सौंदर्या को बधाई। वे ऐसे ही अच्छे काम करती रहें! अधिक अपडेट के लिए बने रहें।

## इंडो-वेस्टर्न आउटफिट में पंजाबी कुड़ी शहनाज गिल ने दिखाया ग्लैमरस अवतार

हॉटनेस देख यूजर्स हुए घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बनी रहती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस की फिल्म थैंक्यू फॉर कमिं ग रिलीज हुई है, जिसमें शहनाज गिल की एक्टिंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट इंडो-वेस्टर्न लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

*इन फोटोज में उनकी सेक्सी अदाएं देखकर लोग दीवाने हो गए हैं। बिग बॉस 13 फेम शहनाज गिल हमेशा अपने चुलबुले अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में शहनाज गिल ने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी सेक्सी नजर आ रही हैं। शहनाज गिल ने अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए सिंपल शाइनिंग लुक में शॉर्ट्स और साथ ही डीपनेक टॉप पहना हुआ है। गले में नेकलेस, ग्लैम मेकअप और बालों को स्टाइलिश लुक में बांध कर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। शहनाज गिल अपनी इन फोटोज में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। फैंस को एक्ट्रेस का ये अवतार काफी पसंद आ रहा है। साथ ही लोग उनके लुक्स की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। शहनाज गिल सोशल मीडिया के जरिए लोगों से काफी जुड़ी रहती हैं। और अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।*



## 8वें दिन चमकी मिशन रानीगंज की किस्मत, अक्षय की फिल्म ने जवान को दी बराबर की टक्कर




अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज: द ग्रेट भारत रेस्क्यू घरेलू बॉक्स ऑफिस रियल लाइफ हीरो जसवन्त सिंह गिल की रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है. उन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल के रानीगंज में बाढ़ वाली कोयला खदान में फंसे 65 खनिकों को बचाया था. पिछले हफ्ते रिलीज हुई मिशन रानीगंज बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास परफॉर्म नहीं कर पा रही है हालांकि रिलीज के 8वें दिन फिल्म की किस्मत चमक गई और इसने अच्छा-खासा कलेक्शन कर लिया. चलिए जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

अक्षय कुमार-स्टारर मिशन रानीगंज: द ग्रेट भारत रेस्क्यू 6 अक्टूबर को रिलीज़ हुई थी. फिल्म को लेकर बड़ी उम्मीदें थी लेकिन इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग ठंडी साबित हुई और इसे दर्शकों से खास रिस्पॉन्स नहीं मिला. इसने ओपनिंग डे पर महज 2.8 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं फिल्म के पहले हफ्ते का कलेक्शन 18.25 करोड़ रहा. अब मिशन रानीगंज' दूसरे हफ्ते में एंट्री कर चुकी है और दूसरा शुक्रवार इस फिल्म के लिए गुड न्यूज लाया है और इसने शानदार कलेक्शन किया है.

दरअसल फिल्म की रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक मिशन रानीगंज' ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ की कमाई की है. इसके बाद मिशन रानीगंज' की आठ दिनों की कुल कमाई अब 23.25 करोड़ रुपये हो गई है.

## दुरंगा 2 में अमित साध और गुलशन देवैया का शानदार परफॉर्मेंस

नए रहस्य पनप रहे हैं और सामने आ रहे हैं क्योंकि दुरंगा 2 के ट्रेलर में गुलशन देवैया और अमित साध के किरदार अपनी पहचान को फिर से पाने के लिए संघर्ष में लगे हुए हैं। इस दौरान कई नए रहस्य सामने आते हैं।



निर्देशक रोहन सिप्पी की क्राइम-थ्रिलर सीरीज दुरंगा के दूसरे सीजन के ट्रेलर को देखकर साफ है कि यह पहले वाले से भी अधिक रोमांचक है।

सीजन 2 का ट्रेलर दुरंगा एस1 की घटनाओं से शुरू होता है, जो एक कठिन मोड़ पर समाप्त हुआ, जिससे दर्शक उत्साहित हो गए और और अधिक इंतजार करने लगे क्योंकि नायक बिल्कुल वैसा नहीं है जैसा वह दिखता है। ट्रेलर में, हम अभिषेक बन्ने के जीवन में अतीत में हुई घटना को देखते हैं। सम्मित पटेल 14 साल के बाद कोमा से बाहर आता हैं। इस दौरान उसकी पहचान का इस्तेमाल उसका जीवन कोई और जी रहा है। अभिषेक बन्ने और सम्मित पटेल अब अपनी पहचान को लेकर आमने-सामने आते हैं और एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

## फुकरे 3' ने बॉक्स ऑफिस पर फिर काटी चांदी, वरुण-पुलकित की फिल्म ने 16वें दिन जमकर छापे नोट




फुकरे फ्रेंचाइजी की दोनों इंस्टॉलमेंट की शानदार सफलता के बाद, जब मेकर्स ने की तीसरी इंस्टॉलमेंट की अनाउंसमेंट की थी, तो फैंस खुशी से झूम उठे थे. अब जब 'फुकरे 3' सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है तो एक बार फिर स्क्रीन पर वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट,, मनजोत सिंह और पंकज त्रिपाठी के फुकरा गैंग और भोली पंजाबन यानी ऋचा चड्ढा ने अपनी डबल पागलपंती से दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोट-पोट कर दिया है. इसी के साथ 'फुकरे 3' ने तमाम नई फिल्मों और शाहरुख खान की जवान की आंधी के बीच बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ कमाई भी की है.

चलिए यहां जानते हैं 'फुकरे 3' ने रिलीज के 16वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

'फुकरे 3' सिनेमाघरों में पहले दिन से ही धमाल मचा रही है. इस फिल्म ने हालिया रिलीज हुई तमाम नई फिल्मों 'द वैक्सीन वॉर', 'थैंक्यू फॉर कमिंग' और 'मिशन रानीगंज' को बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह धो डाला है. यहां तक कि ये फिल्म शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर 'जवान' से भी बराबर की टक्कर ले रही है और खूब कमाई कर रही है. वहीं नेशनल सिनेमा डे के मौके पर फिल्म की टिकट के दाम कम होने का 'फुकरे 3' को पूरा फायदा हुआ है और इसी के साथ फिल्म की कमाई में एक बार फिर बड़ा उछाल दर्ज किया गया है. अब फिल्म की रिलीज के 16वें दिन यानी तीसरे शुक्रवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक 'फुकरे 3' ने रिलीज के 16वें दिन यानी तीसरे शुक्रवार को 300 फीसदी के इजाफे के साथ 5.25 करोड़ की शानदार कमाई की है.

# खेल

## श्रीलंका ने टॉस जीता, पहले बैटिंग का फैसला

दोनों टीमों के पास जीत का खाता खोलने का मौका




लखनऊ। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में आज ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका बीच मुकाबला खेला जा रहा है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया है। मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम (इकाना) में दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11- ऑस्ट्रेलिया ः पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मार्कस स्टोयनिस, एडम जम्पा, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड।

श्रीलंका- कुसल मेंडिस (कप्तान, विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, सदीरा समरविक्रमा, चरिथ असलंका, धनंजय डी सिल्वा, दुनिथ वेल्लालागे, चमिका करुणारत्ने, महीश तीक्षणा, लाहिरू कुमारा और दिलशान मदुशंका।

### श्रीलंका के कप्तान शनाका वर्ल्ड कप से बाहर

श्रीलंका टीम को इस मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान दसुन शनाका चोट के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। शनाका को 10 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में चोट लग गई थी। टीम में उनकी जगह ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक शनाका की गैरमौजूदगी में कुसल मेंडिस टीम की कप्तानी करेंगे।




### दोनों टीमों का तीसरा मैच

दोनों टीमों का इस वर्ल्ड कप में यह तीसरा मैच रहेगा। पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को अपने शुरुआती दोनों मैच में हार झेलनी पड़ी है। कंगारू टीम को पहले मैच में भारत और दूसरे में साउथ अफ्रीका ने हराया था। दूसरी तरफ श्रीलंका को पहले मैच में न्यूजीलैंड और दूसरे में पाकिस्तान से हार मिली।

### हेड-टु-हेड और हालिया रिकॉर्ड

ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच अब तक कुल 103 वनडे खेले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 63 और श्रीलंका ने 36 मैच जीते। 4 मैच बेनतीजा रहे। वहीं टूर्नामेंट की बार करें तो 10 वनडे खेले गए हैं, जिसमें आठ बार ऑस्ट्रेलिया और केवल एक बार श्रीलंका जीता। एक मैच नो रिजल्ट रहा।

ऑस्ट्रेलिया ः पिछले 5 में से 4 मुकाबलों में टीम को हार और महज एक में जीत मिली।

श्रीलंका ः इस टीम का भी ऑस्ट्रेलिया जैसा हाल, यानी पिछले 5 में से 4 मैचों में हार और केवल एक में जीत मिली।

### मार्नस लाबुशेन ऑस्ट्रेलिया के टॉप बैटर

वर्ल्ड कप में इस साल ऑस्ट्रेलिया से मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। बॉलर्स में जोश हेजलवुड ने इस वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया हैं। उन्होंने 2 मैचों में 4 विकेट हासिल किए हैं।

### कुसल मेंडिस श्रीलंका के टॉप बैटर

श्रीलंका से कुसल मेंडिस ने इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

### एक नजर

## गीता फोगाट बोलीं- ट्रायल के लिए बजरंग जिम्मेदार नहीं

एशियन गेम्स में फेडरेशन के नियम के तहत खेलने गए; मेडल नहीं आया, यह उनका बैड-लक



**रोहतक।** इंटरनेशनल रेसलर गीता फोगाट रविवार को रोहतक पहुंची। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में बजरंग पूनिया से काफी उम्मीदें थी, लेकिन मेडल नहीं आने से निराशा हाथ लगी। खेल में हार-जीत चलती रहती है। बजरंग पूनिया को उन्होंने नजदीक से देखा है, वे मानसिक-शारीरिक कई चीजों से गुजरे हैं। सोशल मीडिया पर बजरंग के खिलाफ गलत फैलाया गया। ट्रायल नहीं हुई का मतलब है कि जिन खिलाड़ी की अच्छी परफॉर्मेंस है या लास्ट गेम में मेडल जीतकर लाए है तो उसके आधार पर खिलाड़ियों को भेजा जाता है। यह भारत ही नहीं विदेशों में भी प्रक्रिया है, फेडरेशन के ये नियम है। अगर कुछ गलत है तो सरकार व फेडरेशन को बदलना चाहिए। इसके लिए बजरंग जिम्मेदार नहीं हैं। फोगाट ने कहा कि बहुत सारी चीजें होती है। पहले से नियम बने हुए है। जिनको पता नहीं, वे कुछ भी कह सकते हैं। बिना ट्रायल व बिना सिलेक्शन के एशियन गेम्स में कोई भी उठकर चला जाए, ऐसा नहीं है। बजरंग ने कई बार देश का नाम रोशन किया है। उनमें क्षमता थी और वह इस योग्य थे, इसलिए वे एशियन गेम्स में खेलने गए। उनका बैड लक होगा कि खेल में मेडल नहीं आया।

## श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका वर्ल्ड कप से बाहर

चमिका करुणारत्ने टीम में शामिल; शाकिब का भारत के खिलाफ खेलना मुश्किल



श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका चोट की वजह से वनडे वर्ल्ड कप 2023 से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, ICC मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने श्रीलंकाई टीम में दसुन शनाका के रिप्लेसमेंट के रूप में चमिका करुणारत्ने को मंजूरी दे दी है। वहीं बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन भी चोट के कारण टीम के अगले कुछ मैच मिस कर सकते हैं। टीम 19 अक्टूबर को पुणे में भारत के खिलाफ खेलने वाली है।

इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद राशिद खान ने कहा-

## यह जीत शायद भूकंप पीड़ितों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान ला सके




अफगानिस्तान ने रविवार (15 अक्टूबर) को वनडे वर्ल्ड कप 2023 का सबसे बड़ा उलटफेर किया। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए उसे 69 रन से हरा दिया। जीत के बाद अफगान टीम के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान ने कहा, ये जीत शायद भूकंप पीड़ितों के चेहरों पर थोड़ा मुस्कान ला सके। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ जीत हमारे लिए बड़ी जीत है। घर (अफगानिस्तान) में लोगों को इस पर गर्व होगा। हाल ही में हमारे घर अफगानिस्तान में भूकंप आया था, जिसमें 3000 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। इस जीत से उनके चेहरे पर थोड़ी सी मुस्कान आएगी और वे उन कठिन दिनों को थोड़ा भूल पाएंगे।

### अफगानिस्तान के स्पिनर्स गेमचेंजर रहे


नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी, अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 49.5 ओवर में 284 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.3 ओवर में 215 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के स्पिनर्स गेमचेंजर रहे। मुजीब उर रहमान, मोहम्मद नबी और राशिद खान ने मिलकर 8 विकेट लिए। मुजीब और राशिद को 3-3 विकेट मिले, जबकि मोहम्मद नबी ने 2 विकेट झटके।


आंकड़ों में वर्ल्ड कप 2023

## बुमराह के नाम 8 विकेट, रिजवान ने बनाए सबसे ज्यादा रन, सिक्सर किंग हैं कुसल मेंडिस

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 13 मैच खेले जा चुके हैं। शनिवार को लीग स्टेज के सबसे बड़े मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया।

वहीं रविवार को अफगानिस्तान ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया और डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को ही हरा दिया। इस जीत के बाद पॉइंट्स टेबल में अफगानिस्तान छठे और 5 बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 10वें नंबर पर पहुंच गया। अब तक हुए टूर्नामेंट में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टॉप रन स्कोरर हैं। वह इस वर्ल्ड कप के 3 मैचों में सबसे ज्यादा 248 रन बना चुके हैं। जबकि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टॉप विकेट टेकर हैं, उनके नाम 3 मैचों में 8 विकेट हैं। वहीं श्रीलंका के कुसल मेंडिस सिक्सर किंग, उन्होंने 2 ही मैचों में 14 छक्के लगाए हैं।



# त्यौहार के नाम पर कड़ाई से गांवो में लागू पुरानी परंपरा और कुरूतियां

कुरूतियों के नाम पर गांवों में रोजी मजदूरी, खेती किसानी जैसे व्यक्तिगत कामों पर कब तक लगा रहेगा अंकुश


जोहार छत्तीसगढ़–कसडोल।

**छत्तीसगढ़ एक खुशहाल और समृद्ध शाली राज्य है मगर कुछ दंबग और संविधान विरोधी लोग आज भी गांवों में राजतंत्र कायम रखना चाहते हैं इसके लिए ये लोग तरह तरह के कठिन नियम बनाकर रखें हुए हैं इनके लिए कोई संविधान, कोई कानून कुछ मायने नहीं रखता है।**




इन पुरानी परंपरा और कुरुतियों के कारण किस तरह असर पड़ता है आपको आगे बताते हैं। ज्यादातर इन परंपराओं से रोजी रोटी कमाने वाले मजदूर,किसान सहित अधिकांश वर्ग पर इसका असर पड़ रहा है। हम आज आपको बिलासपुर संभाग के जिला सक्ती के गांव हसौद ले चलते हैं की कैसे लोग पुरानी कुरीतियों से हलाकान और बेहाल है। इनके लिए कोई संविधान कोई कानून कुछ मायने नहीं रखता है। मिली जानकारी अनुसार इस गांव में पितृ पक्ष की आड़ में दबंगों ने काम बंद रखने की मुनादी तक करवा दी गई और पुलिस प्रशासन हाथ में हाथ धरे बैठी हुई है। गांव में होटल खुला हुआ है, कपड़े की दुकान खुली है। मेडिकल, हार्डवेयर, फल, सब्जी जैसी सभी दुकानें खुली हुई है लेकिन केवल रोजी मजदूरी, किसानों व अन्य सभी कार्य करने वालों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिस पर सवाल उठना शुरू हो गया है। यहां सबसे ज्यादा परेशानी रोजी मजदूरी करने वालों को हो रही हैं जो दिन भर कमा कर अपने परिवार को दो वक्त का भोजन उपलब्ध कराना बेहद जरूरी होता है। यह कैसी परंपरा है की गरीबों को भूखे मरने के लिए काम करने से रोका जाता है। कोई अपने मकान का निर्माण करता है उसे भी लाठी के बलपर रोका जाता है। यह 21 वीं सदी का भारत है देश और पूरी दुनिया सूर्य और चांद पर अपना यान भेज रहें हैं करोड़ों किमी दूरी पर स्थित चांद का निरीक्षण करने सरकार खरबों, खर्च कर रही है और वहां कुछ ही महीनों में मकान बनना भी शुरू हो जाएगा लेकिन उक्त घटना से भारत देश कितना पीछे है। कितना विकास हुआ है। इसका अंदाजा आप खुद ही लगा सकते हैं। ग्राम हसौद के शांति कुमार मनहर के घर पर मकान निर्माण का काम चल रहा था जहां दो मिस्त्री और दो लेबर काम कर रहे थे लगभग 9.30 बजे सुबह गांव के मंदिर समिति के अध्यक्ष बुधराम यादव अपने साथी बिहारी साहू व अन्य आठ दस साथियों ने शांति कुमार के नव निर्मित मकान पर आ धमके और तरह तरह के सवाल पूछें की किसकी अनुमति पर मकान बना रहे हो,जबरजस्ती काम को बंद कराने लगे और मिस्त्री के समान को अपने कब्जे में रख लियाए लेबर मिस्त्री को डरा धमकाकर भगा दिया जब शांति कुमार ने काम बंद करने से मना किया तो मंदिर अध्यक्ष बुधराम यादव एबिहारी साहू दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर शांति कुमार को काम बंद रखने को कहा इतना ही नहीं काम बंद नहीं करने पर मारने पीटने और गांव से बाहर निकालने की भी धमकी दी गई। ऐसे कृत्यों का खुद स्थानीय पूलिस प्रशासन, पंचायत,जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त होता है। यह है हमारे स्वतंत्र व लोक तांत्रिक भारत की एक झलक।

इस मामले कि शिकायत कलेक्टर, एसपी,मानवाधिकार आयोग से की गई है कि क्या मंदिर अध्यक्ष और कोटवार को गांव के मुनादी,प्रशासनिक व्यवस्था संचालित करने का अधिकार प्राप्त है। जब मामला हसौद थाना गया तब सरपंच प्रतिनिधि मनबोध ने बताया कि मंदिर समिति को ऐसी व्यवस्था संचालन का अधिकार दिया गया है जब इससे संबंधित पंचायत व ग्राम सभा प्रस्ताव की रजिस्टर दिखाने कहा गया तो वे इधर उधर मुंह ताकने लगे इसका मतलब कि सारी दबंगई मौखिक में करवाई जा रही थी जो कानूनन गलत है। ऐसी घटनाएं एक गांव में नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के गांव–गांव में यह कुरूतियां फैली हुई है। इससे गांव के भोले भाले लोग, समाज से बहिष्कार के डर से इस उल्टे पुल्टे नियम को मानने को मजबूर हैं। इस दकियानूसी प्रथा के कारण अधिकांश गावों के लोगों का हुक्का पानी बंद करके सामाजिक बहिष्कार की सजा भुगत रहे हैं। ऐसी रुढ़िवादी परंपराओं का अब विरोध शुरू हो गया है इसके खिलाफ विरोध के स्वर उठने लगे हैं।


शिकायत पत्र
कमांक 601 दिनांक 16.10.2023
प्रति,
कलेक्टर महोदया जी
जिला सक्ती छ.ग.
विषयः–नियम विरुद्ध मनमाने ढंग से गांव में आम लोगों के काम काज बंद करवाने व काम बंद रखने की मुनादी करने वाले के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने बाबत्।
संदर्भः–पीड़ित प्रार्थी का पत्र कमांक 594 दिनांक 09.10.2023
महोदया जी,
महोदया जी सादर प्रणाम संदर्भित विषयांतर्गत निवेदन है कि दिनांक 30.09.2023 को मैं अपने घर पर मकान निर्माण का काम करवा रहा था जिसे ग्राम हसौद के ही मंदिर समिति के अध्यक्ष अपने साथियों सहित बलपूर्वक गुंडागर्दी कर काम को बंद करवा दिया क्योंकि उस दिन पितर संबंधी कोई त्यौहार था उसने कहा कि एक दिन पूर्व उसने काम बंद रखने का मूनादी करवाया है मुझे मारने पीटने व गांव से निकालने की धमकी दिया गया है जिसके संबंध में मैंने संदर्भित पत्र के माध्यम से कार्यवाही हेतु शिकायत पत्र प्रस्तुत किया हूं आज दिनांक तक काई कार्यवाही नहीं होने पर पुनः निम्नानुसार निवेदन सादर प्रस्तुत हैः–
1. गांव का प्रशासनिक व्यवस्था संचालित करने का अधिकार मंदिर समिति को नहीं दिया जा सकता है व ग्राम कोटवार बिना किसी वैधानिक आदेश के काम बंद रखने की मुनादी नहीं कर सकता है।
2. कौन सा काम बंद रहेगा कौन सा काम चालू रहेगा यह स्पष्ट होना चाहिए जो कि स्पष्ट नहीं है और ना ही कोई लिखित नीति नियम बनाया गया है।
3. किसी एक धर्म सम्प्रदाय पंथ के विशेष दिवस पर सभी धर्म सम्प्रदाय पंथ के लोगों को काम बंद रखकर उस दिवस को मनाने के लिए मजबुर नही किया जा सकता है प्रत्येक नागरिक को अपनी धर्म व संस्कृति को मानने का अधिकार है। कौन काम करेगा और कौन काम बंद रखकर त्यौहार मनाएगा यह व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। इन मौलिक अधिकारों की रक्षा करना शासन प्रशासन की जिम्मेदारी है।
4. दिहाड़ी मजदुरी व खेतीकिसानी के काम काज बंद रखना पूर्णतः भेदभाव पूर्ण है क्योंकि सभी दूकान व्यापार खूले रहते है जिसमें सभी काम हो सकते है लेकिन रोजी मजदूरी काम बंद रखा जाता है जो कि गरीब को और गरीब बनाए रखने का षडयंत्र है।
5. अगर केई काम काज बंद नहीं करता है तो उसके घर भीड़ बनकर जाना धमकाना, मारने पीटने अर्थदंडित करने और गांव से निकालने की धमकी देना सही नहीं है।
6. बरसों से चली आ रही परंपरा है बोलकर कुछ भी प्रथा का जबरन पालन करवाना सही नहीं है जबकि हकीकत यह है कि पहले के समय में लोगों का मुख्य काम खेती होता था जबकि आज अधिकांश लोग रोजी मजदूरी नौकरी चाकरी करते हैं। परंपराओं मान्यताओं के नाम पर किसी भी नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकता है।
7. विशेष बात यह है कि गांव में दो कोटवार हैं 1.खेमलाल 2.शत्रुघन, परंतु पिछले एक साल से शत्रुघन कोटवार के बदले उसका पुत्र मुनादी कर रहा है जबकि पुत्र के पास मुनादी करने के संबंध में कोई अधिकार नहीं है अनाधृकित रुप से मुनादी कर रहा है।
8. प्रथाओं परंपराओं मान्यताओं के नाम पर गुडगर्दी करना समाज व गांव से बहिष्कार करना अर्थ दंड करना ये काम पूरे छत्तीसगढ़ के अधिकतर गांवों में होता है गरीब मजदुर लोग चुपचाप सह रहें है। अनाधृकित रुप से मुनादी करना और काम बंद करा
कार्यालय कलेक्टर जिला सक्ती (छ.ग.)

सामाजिक चिंतक व शिक्षाविद प्रो. डॉक्टर अरविंद जगदेव ने कहा भारत आज चांद पर पहुंच गया है लेकिन कुछ रुढ़िवादी लोग प्रथा परंपरा के नाम पर देश व समाज को गर्त में धकेलने का काम कर रहे हैं जो ना सिर्फ संविधान के विरुद्ध है बल्कि इंसानियत के भी विरुद्ध है। वहीं भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट धनीराम बंजारे इस तरह के नियम भारतीय संविधान की धारा 19 ङ; ए 25;1, 29;1, के विरुद्ध है और कोटवारों का इस तरह काम बंद रखने का मूनादी करना भी नीति नियम के विरुद्ध है ऐसे मामलों पर तो माननीय उच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेकर रोक लगानी चाहिएष। हसौद के सरपंच प्रतिनिधि मनबोध साहू ने कहा की मौखिक रूप से बुधराम यादव को कहा गया है कि वो आवश्यकता अनुसार मूनादी कराकर काम बंद करा दे इसके संबध में कोई पंचायत प्रस्ताव लिखित में नहीं है। मंदिर अध्यक्ष बुधराम यादव ने कहा की बरसों से चली आ रही परंपरा है जिसे हम सबको ऐसे ही चलाते रहना चाहिए।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

एसडीएम जशपुर ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम केसरा निवासी स्वण् उदय भगत की सड़क दुर्घटना में 22 जनवरी 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी ममता भगत हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### मकान में घुस कर चाकू से किया जानलेवा हमला, चार घायल

**कोरबा** । अंबिकापुर मार्ग पर अज्ञात बदमाशों ने जायसवाल परिवार के मकान में घुसकर मारपीट व चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बदमाशों ने एक लड़के को चाकू से मारने का प्रयास भी किया और भाग गए। कटघोरा पुलिस को मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि सुतर्रा निवासी संतोष कुमार जायसवाल ने कटघोरा–अंबिकापुर मार्ग पर गोमती पेट्रोल पंप के समीप अपना घर बना कर पांच माह से निवास कर रहे हैं। तीन भाईयो में सबसे बड़े संतोष जायसवाल का छोटा भाई राम प्रताप जायसवाल सुतर्रा में निवासरत है वह ब्याज में पैसों का लेनदेन करता है। राम प्रताप कुछ दिनों से अपने बड़े भाई संतोष के कटघोरा वाले घर पर अपना आधिपत्य स्थापित करने बडे भाई व उसके परिवार पर दबाव बना रहा है। कटघोरा थाना में संतोष ने राम प्रताप के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करा चुके है। कटघोरा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस बीच रविवार को सुबह पांच बजे राम प्रताप द्वारा बाहर के गुंडों को बुलाकर संतोष के घर पर घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिए और संतोष के छोटे बेटे शिवम पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। साथ ही संतोष की पत्नी व बेटी के साथ भी मारपीट की। इससे दोनों भी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस घटना में संतोष जायसवाल के साथ साथ उनकी पत्नी के साथ बुरी तरह मारपीट की गई। फिलहाल घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिलते ही गुंडे वहां से भाग निकले।

विधान सभा निर्वाचन 2023

# विधान सभा क्षेत्र.13 कुनकुरी के मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को ईव्हीएम मशीन के साथ दी गई प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



विधान सभा निर्वाचन 2023 के तहत् विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13.कुनकुरी अन्तर्गत गठित मतदान दलोंए पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी क्रमांक 01 के प्रथम चरण के प्रशिक्षण का आयोजन रिटर्निंग ऑफिसर श्यामा पटेल एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एमपी यादव तहसीलदार के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी सलियाटोली में आज 15 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। साथ ही संकल्प विद्यालय कुनकुरी में पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों क्रमांक.1 की सेक्टर अधिकारियों को ईव्हीएम मशीन के साथ प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान अभिकर्ता, मतदान कक्ष संकेतकों, मतदाता सूची सहित विभिन्न सामग्रियों की प्राप्ति, चेक लिस्ट से मिलान बैलेट यूनिट कंट्रोल यूनिट तथा वीवी पैट के कनेक्शन संचालन एवं प्रारूप क्रमांक 7,8, 10, 12, 13, 14, 17 सीलिंग नियम 49एम, एवं अन्य नियमों अभ्याक्षेपित मतपत्र, निविदत्त मतपत्र, मतपत्र लेखा पीठासीन अधिकारी की डायरी सामग्री जमा करना इत्यादि को पीपीटी के माध्यम से तथा ईव्हीएम के संचालन का हेण्डस् ऑन प्रशिक्षण कराया गया। सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिए टीम भावना से कार्य करने पर बल दिया गया। प्रशिक्षण के अन्तिम सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को आयोग द्वारा तैयार किये गए प्रश्नपत्र के माध्यम से प्रशिक्षण के प्रति समझ प्रमाणित करनी पड़ी। जिसमें अधिकांश मतदान दल सदस्यों ने सही जवाब प्रस्तुत कर प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध की।



# उरगा पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ की कार्रवाई

105 लीटर कच्ची महुआ शराब किया गया जप्त

कोरबा । कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के दिशा–निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी उरगा युवराज तिवारी के नेतृत्व में 15 अक्टूबर को थाना उरगा पुलिस टीम को 105 लीटर महुआ शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। मुखबिर के सूचना के आधार पर ग्राम पुरैना में कथित आरोपी के कब्जे से अलग–अलग डिब्बों में भरे कुल 105 लीटर महुआ बरामद कर कथित आरोपी के विरुद्ध धारा 34–2, आबकारी अधिनयम के तहत प्रकरण तैयार कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# जश. प्रण मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कैंपस एंबेसडर और नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





जिले में मतदाता जागरूकता अभियान जश.प्रण के तहत 2023 के विधान सभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित करने के संबध में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले के स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता और सभी महाविद्यालयों में नियुक्त कैंपस एंबेसडर तथा कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विगत विधान सभा निर्वाचन 2023 में जिन मतदान केंद्रों में 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था उसके क्या कारण थे के संबंध में समीक्षा की गई। विभिन्न मतदान केंद्रों के नोडल अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों में मतदाताओं का विभिन्न कारणों से मतदान दिवस के दिन अपने निवास स्थान से बाहर रहने, शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह में कमी होने तथा मतदान दिवस के दिन अपने व्यक्तिगत कार्यों में व्यस्त रहने के कारण मतदान नहीं के कारणों में प्रमुख कारण हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा ने निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया को समझाने के लिए अपने स्तर पर विभिन्न गतिविधियां का आयोजन अनिवार्य रूप से करें, जिससे लोगों की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई गतिविधियों का सुझाव भी दिया। जिसमें मतदान प्रक्रिया पर पंचायत का आयोजन, छात्र–छात्राओं को चुनाव प्रचार कार्यक्रमों के माध्यम से उनके हक और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना, महाविद्यालय स्तर पर छात्रों के बीच चुनाव संवाद आयोजित करके राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करना, छात्रों को चुनाव प्रक्रिया और राजनीतिक मुद्दों के बारे में वाद विवाद कराने, छात्रों को चुनाव पर पोस्टर और पैम्फलेट डिजाइन करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने,इसके साथ ही स्कूल और कॉलेज कैम्पस मैं मतदान के महत्व को बताने वाले पोस्टर बनवाकर प्रसारित कर जागरूकता बढ़ाने जैसी गतिविधियां शामिल है। उन्होंने बताया कि छात्रों को मतदान के महत्व को समझाने के लिए नाटक आयोजित कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जागरूक किया जा सकता है।

कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों के समक्ष मतदान के नियमों की व्याख्या करें एवं मतदान करने की प्रक्रिया बताएं। समाज के वरिष्ठजनों से व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित करे और छात्रों को आम लोगों की मतदान से संबंधित कहानियां सुनवाये। महाविद्यालय में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर दें। मिश्रा ने कहा कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर छात्रों की मतदान जागरूकता रैली आयोजित करें। प्रभात फेरी भी निकालें जिसमें विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता से संबंधित नारे लिए तख्तियां भी साथ में रहे। छात्रों को मतदान से संबंधित लक्ष्य को पूरा करने के लिए और भी अन्य गतिविधियां आयोजित करें जैसे रंगोली बनाना, मेहंदी प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन कर अपने स्तर से पुरस्कृत भी करे। बैठक में लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु 30 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे तक नाम जुड़वाने की जानकारी देने को कहा गया एवं नोटा की जानकारी भी मतदाताओं को देने की बात कही गई। जिले के मतदाता जो किसी कारण वर्तमान में बाहर है उन्हें मतदान दिवस को मतदान अवश्य करने हेतु बुलाने हेतु फोन से अथवा पत्र के माध्यम से आंमत्रित करने को कहा गया। बैठक में कहा गया कि कम मतदान होने का विश्लेषण करें एवं घर–घर जाकर लोगो से संवाद करे और मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करें।

# कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

मतदान स्थल में कोई भी समस्या का मौके पर हो निराकरण इस हेतु सभी प्रशिक्षण के बिंदु को अच्छे से समझें–कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





**प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम तीनों विधानसभा में प्रारंभ**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने जशपुर विधानसभा अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम स्कूल में चल रहे पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। जशपुर जिले के तीनों विधानसभा जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान स्थल में कोई भी समस्या का मौके पर हो निराकरण इस हेतु सभी प्रशिक्षण के बिंदु को अच्छे से समझें। कार्य में विपरीत परिस्थितियों को तत्काल सुलझाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। सभी प्रशिक्षाणार्थी ईवीएम और वीवीपेट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखें। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एव जिला पंचायत सीईओ संदीप मिश्रा ने स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम स्कूल जशपुर में आयोजित निर्वाचन कार्य हेतु प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से पहली बार मतदान करवाने की संज्ञान लिया और उन्हें प्रशिक्षण में दी जा रही सभी नियमों का बेहतर ज्ञान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से मॉकपोल की आवश्यकता क्यों है, करवाने की वजह को पूछा एव सभी बिंदुओं को गंभीरता से समझने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, तहसीलदार एवं स्वीप नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

# निर्वाचन अभ्यर्थियों के जीरो बैलेंस पर बैंक खाता खोले, राशि जमा-निकासी का ब्यौरा प्रतिदिन दें-कलेक्टर एल्मा

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।




जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने स्टेटिकल सर्विलांस टीम एसएसटी और फ्लाइंग स्क्वायड टीम एफएसटी, लीड बैंक ऑफिसर एलबीओ और आयकर अधिकारी आईओ और एक्साइज दल की संयुक्त बैठक ली। जिसमें उपस्थित जनों को निर्वाचन के दौरान की जाने वाली कार्यवाही व उनके क्षेत्राधिकार से अवगत कराया गया। उन्होंने लीड बैंक ऑफिसर को प्रत्याशियों के जीरो बैलेंस खाता खोलने कहा और प्रतिदिन जमा निकासी राशि का ब्यौरा संबंधी व्यय शाखा में देने कहा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर 2023 शनिवार, को अधिसूचना का प्रकाशन किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर सोमवार है। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर सोमवार है। इसी तरह नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की तिथि 31 अक्टूबर मंगलवार, तथा अभ्यर्थियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर 2023 गुरुवार, तथा मतदान की तिथि 17 नवंबर 2023 शुक्रवार को निर्धारित की गई है। इसी तरह मतगणना की तिथि 03 दिसंबर 2023 रविवार को निर्धारित की गई है। कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी एल्मा ने एफएसटी दल को बताया कि चेकिंग के दौरान संदेहास्पद प्राप्त राशि कैश और वस्तु ;पोस्टर व अन्य प्रचार सामग्री, मदिरा, ड्रग्स इत्यादि, पाये जाने की स्थिति में जो मतदाता को प्रलोभित करने की श्रेणी में आएगा। उसकी जप्ती कर आवश्यक कार्रवाई करना दल की जिम्मेदारी होगी। पुलिस अधिक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन के दौरान के मतदाता को डराने या उन्हे अवैध रूप से धन राशिए शराब या अन्य कोई उपहार देकर प्रभावित करने वालों के खिलाफसख्त कार्यवाही की जाएगी। जिले की सीमाओं नाको पर एस एस टी दल चौबीस घण्टे पर ऐसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे हुए है। साथ ही वाहनों की सघन जांच कर अवैध धन राशि शराब व उपहार जब्त करने की कार्यवाही दल पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। इसके अलावा एफएसटी टीम भी छापा मारकर कार्यवाही करें। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ.अनिल वाजपेयी, अपर कलेक्टर सी.एल मार्कण्डेय, एस डी एम सुरूची सिंह सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी सहित लीड बैंक मैनेजर आयकर अधिकारी उपस्थित थें। इस अवसर पर आयकर विभाग से आए हुए अधिकारियों ने बताया कि 10 लाख के ऊपर की धनराशि यदि कोई व्यक्ति एक स्थान से दूसरे स्थान ले जा रहा है तो उस स्थिति में एफएसटी टीम को त्वरित कार्रवाई करते हुएए वीडियो बनवाना है। इसके साथ ही कार्यवाही का विवरण भी तैयार करना है। इसके पश्चात आयकर विभाग को सूचना देनी है। इसके साथ ही उन्होंने कैश लाने ले जाने के सम्बंध में अन्य जानकारियां भी उन्हें उपलब्ध करायी जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित जनों को स्पष्ट किया कि निर्वाचन के लिए प्रलोभन वाले सामग्री या राशि पर ही दलों को नजर रखनी है। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपादित हो इसके लिए सभी को निष्पक्ष होकर कार्य करने की बात कही।

# शक्ति सेना भारत देश के बैनर तले नवागढ़ विधायक बदलबो मिशन 2024 सम्पन्न

**योगीदीप केशला में हुआ कार्यक्रम**

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



शक्ति सेना भारत देश के बैनर तले विधायक बदलबो मिशन सम्पन्न हुआ 04 अक्टूबर 23 को नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 70 अंर्तगत ग्राम केशला तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा छग में कार्यक्रम के संचालन के पूर्ण सबसे पहले वहां सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य अतिथि मा.शैलेंद्र बंजारे राष्ट्रीय अध्यक्ष, व मा. गिरवर कुर्रे खूब पटाखे के साथ हार के साथ सम्मान किया कर अपने मंच स्थल तक सम्मानपूर्वक मंच तक लाया गया और सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा व मुख्य अतिथि, शैलेंद्र बंजारे राष्ट्रीय अध्यक्ष,अध्यक्षता,अधि.मणिशंकर दिवाकर जिलाध्यक्ष, शक्ति सेना भारत देश, व विशिष्ट अतिथिगण, गिरवर कुर्रे विधायक प्रत्याशी आरंग, प्रीतलाल कुर्रे कसडोल विधायक प्रत्याशी, मा.अनिल मनहरे विधायक प्रत्याशी बेमेतरा के द्वारा विधीवत अगरबत्ती जलाकर जोगीराज केशला के सभी स्थित मंदिरों दर्शन कर नारियल अर्पित पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें अश्वनी कुमार पात्रे ने बखूबी से शानदार कार्यक्रम संचालक कर अपना बेहतर परिचय दिया और साथ ही साथ सभी साथियों का अतिथियों का गुलाल लगाकर हार अर्पित कर बारी बारी सम्मानित करवाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ी छत्तीसगढियावाद हित खातिर समर्पित शक्ति सेना भारत क्रमश: सभी अतिथियों ने अपना अतुलनीय विचार व्यक्त किये और सभी ने शक्ति सेना भारत देश नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 70 के विधायक प्रत्याशी अधि. भाई मणिशंकर दिवाकर जिलाध्यक्ष ला सहयोग कर जिताना है ऐसा आशा विश्वास करते है व विनोद जांगड़े, तोषण मिरी, अधि. दिलेश्वर बंजारे,व अधि.संतोष बंजारे, व टीकाराम पाटले, बंजारे भैया केशला, जगदीश घृतलहरे भी शामिल हुए व साथीयों ग्रामीणों के लोगों को भी दिनभर कार्यक्रम समापन तक बैठे रहे जो सभी से सहयोग एवं आशा विश्वास है कि मैं और आप विधायक बदलबो मिशन 2024 के नेक विचार को पूरा करना है इन्ही शब्दों के साथ नारा,एक नया आगाज होगा, शक्ति सेना भारत देश का नवागढ़ में राज होगा।

### एक नया परिवर्तन लायेंगे, जन-जन को खुशहाल बनायेंगे

*शक्ति सेना भारत देश के नारा जिंदाबाद जिंदाबाद गुंजने लगा जो अति उत्तम रहा जो नया बदलाल लाना है यही आशा विश्वास करते है अति उत्तम अपने उद्बोधन में आजादी के बाद भी हमारे देश भारत व हमारे छत्तीसगढ़ राज्य कितना पिछड़ा है जो आज हम सभी को ज्ञात है जिसके समर्थन में हम सभी मिल जुलकर सहयोग कर आगे आये और विधायक बदलबो मिसन 2024 के उद्देश्य को पूर्ण करना है यही*

*आशा विश्वास के साथ सभी पदाधिकारी ने अपनी वक्तव्य में अपने मतानुसार सुंदर, विचार दिये और अंतिम में कार्यक्रम समापन के पूर्ण अधि. मणिशंकर दिवाकर जिलाध्यक्ष शक्ति सेना,भारत देश, विधायक प्रत्याशी नवागढ़ के द्वारा आभार व्यक्त कर सभी पदाधिकारी एवं साथियों से सहयोग किये आये उनके लिए दिल से धन्यवाद कहां और हमें वर्तमान चुनाव में सहयोग की अपेक्षा है ऐसा अपने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया यह जानकारी शक्ति सेना भारत देश डोमन बंजारे के द्वारा दिया गया।*

## एक नजर

विधानसभा निर्वाचन 2023

### जन चौपाल आगामी आदेश तक स्थगित

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के कारण प्रत्येक सोमवार कलेक्टोरेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल को आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित कर दिया गया है।

### ब्रह्माकुमारीज की चैतन्य देवियों की झांकी 18 से

#### खुशी हर पल शिविर 25 अक्टूबर से सर्व के लिए

**भिलाई** । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शरदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सेक्टर 7 स्तिथ राजयोग भवन, सड़क 2 में दिनांक 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक ध्वनि एवं प्रकाश के सुंदर समायोजन द्वारा देवियों की चैतन्य झाँकी सजायी जा रही है। इसमें भक्तजन प्रतिदिन शाम को 06:30 बजे से रात्रि 10 बजे तक चैतन्य देवियों का दर्शन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि ब्रह्माकुमारी बहनें जब चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं तो वह सजीव होते हुए भी अचल और अडोल मूर्तियों के समान प्रतीत होती हैं। राजयोग की सतत् साधना और गहन तपस्या के फलस्वरूप मन की एकाग्रता एवं शारीरिक स्थिरता को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। कुछ पल उस वातावरण में बैठने से दर्शकों को उनके द्वारा प्रवाहित शान्ति और शक्ति के प्रकम्पनों की अलौकिक अनुभूति होती है। इस अवसर पर जीवन में सच्ची सुख और शान्ति का अनुभव करने के लिए खुशी हर पल दस दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निशुल्क आयोजन 25 अक्टूबर से किया गया है। इस शिविर में भाग लेने के लिए सुबह 7 से 8 अथवा शाम को 7 से 8 बजे में से किसी भी एक सत्र में भाग लेकर लाभ उठाया जा सकता है।

### चाकू लहराकर आतंक फैलाते चार गिरफ्तार

**दुर्ग** । पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि डिपरापारा गांधी चौक में एक व्यक्ति द्वारा चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी शैलेश देशमुख 20 वर्ष, उभय अहिर 20 वर्ष, मेहुल कुमार साहू 19 वर्ष और रोहित पटैल 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआर्म्स एक्ट एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

### भेड़ चोरी करने वाले तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**दुर्ग** । दुर्ग पुलिस की टीम ने भेड़ चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भेड़ जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार डिपरापारा दुर्ग निवासी प्रार्थी आबिद कुरैशी 49 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसका भेड़ को चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस के टीम जांच में लगी थी। तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शाहरूख कुरैशी 26 वर्ष, सलमान कुरैशी 26 वर्ष व मोहम्मद रफीक उर्फ लल्लु खान 47 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की भेड़ व इंडिका कार जब्त किया है।

### पत्नी की शराब की लत से परेशान पति ने उसे उतारा मौत के घाट

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** । नवरात्रि के पहले दिन गौरेला से सटे ग्राम पंचायत देवरगांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां एक पति ने मार-मारकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है. मामला गौरेला थाना क्षेत्र के धौरामूढ़ा गांव का है। गौरेला थाना प्रभारी सौरभ सिंह ने बताया कि देवरगांव धौरामूढ़ा निवासी 45 वर्षीय कुंवर सिंह और उसकी पत्नी 37 वर्षीय केवलवती के बीच शनिवार रात में भोजन को लेकर जमकर झगड़ा हुआ था.

## चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता, लाखों का सोना-चांदी जप्त

### मानिकपुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग पॉइंट पर 306000.00 (तीन लाख छः हजार रु का सोना, चाँदी जप्त

**कोरबा।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र अवैध कैश फ्लो रोकने क्शाके लिए एसपी के निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में आज दिनांक 15/10/2023 को वाहन चैकिंग के दौरान पटेल पारा कोरबा निवासी मनोज मैटी पिता कोकिल मैटी के पास गला हुआ सोना और सोने चाँदी के आभूषण बरामद होने पर उक्त सोने चाँदी का बिल न होने पर गला हुआ सोना एवं सोने का आभूषण 34 ग्राम एवं चांदी के आभूषण 1.926 किलोग्राम कुल कीमती रु 306000.00 (तीन लाख छ: हजार) को 102 द प्र स के तहत जप्त किया गया.

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों भाजपाई हुए शामिल

*भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में 50 गाड़ियों के काफिले में रवाना हुए थे कार्यकर्ता*





जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों भाजपाई राजनांदगांव विधानसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में देश के गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भाजपा नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र के भाजपाई 50 से अधिक गाड़ियों के काफिले से राजनांदगांव पहुंचे। यहां भाजपा नेता योगेश ने पूर्व मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण देश बुलंदियों को छू रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ आम जनों को मिल रहा है। इस बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

## नवरात्र प्रतिपदा पर अग्रवाल समाज ने मनाया अग्रसेन जयंती

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



बीते शरदीय नवरात्र प्रतिपदा को प्रतिवर्षानुसार अग्रवाल समाज ने महाराज अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल माहेश्वरी बोले अग्रसेन महाराज के एक ईंट एक मुद्रा की अवधारणा के चलते आज अग्रवाल समाज व्यपापार के साथ समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। देवभोग अग्रवाल समाज ने महाराज आग्रेसन की जयंती धुमधाम से मनाया। युवा अग्रवाल समाज द्वारा स्थानीय शिशु मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया था। एक दिन पूर्व समाज के सभी वर्गो के लिए विभिन्न खेल,साहित्यिक व अन्य विधाओं पर खेल का आयोजन किया गया था। जिन्हें आयोजन के मुख्य अतिथि अनिल माहेश्वरी व समाज के वरिष्ठ राम अवतार अग्रवाल,बसंत अग्रवाल,बजरंग अग्रवाल, ब्रम्हा अग्रवाल व नरेश अग्रवाल के हाथी सम्मानित किया गया। आयोजन में रक्त दान के लिए प्रेरित करने वाले बिलभद्र यादव,सहयोगी तस्मित पात्र,रमाकांत बेहेरा,गौरी कश्यप,चिराग पटेल,सुधीर भाई पटेल,युधिष्ठिर रेड्डी को भी अग्रवाल युवा मंच ने सम्मानीत कर समाजिक सद्भावना का परिचय दिया। आयोजन को सफल बनाने में अग्रवाल युवा समाज के रितेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल,, प्रशांत मित्तल, बबली अग्रवाल, राकेश अग्रवालए रितेश अग्रवाल छोटे,सुभाष मित्तल,रविशंकर सिंघल समेत समाज के समस्त युवाओं का विशेष योगदान रहा।

### स्वाधिनता की लड़ाई में अग्रवाल समाज का बड़ा योगदान रहा

मुख्य अतिथि अनिल माहेश्वरी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा की 5 हजार साल पूरा महाराज अग्रसेन के बनाए एक ईंट एक मुद्रा का सिद्धांत का ही नतीजा है की अग्रवाल समाज व्यापार के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी आगे रहता है। अग्रवाल समाज ने अपनी कर्मशीलता व मनोबल से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान किया है।माहेश्वरी ने अशोक गुप्ता द्वारा लिखित किताब अग्रवाल समाज व स्वाधिनता संग्राम 1857,947 का जिक्र करते हुए अग्रवाल समाज के उन शहीदों के बारे में बतलाया जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना धन सम्पदा न्योछावर किया। जिसके कारण विदेशी शासको ने फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया। समाज के लिए सेवा भाव व अपने कर्म के प्रति निष्ठा भावना अग्रसेन महाराज की कृपा बताया।



## नि :स्वार्थ रक्तदान दान कर पेश की मानवता की मिसाल



जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।

विश्व प्रसिद्ध जगत गुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के शिष्यों द्वारा आए दिन समाज कल्याण के लिए कार्य किये जा हैं, चाहे वह हरियाणा में आए बाढ़ से पीड़ित लोगों को नि:स्वार्थ राशन, खाने-पीने की सामान पहुंचाना हो या ओडिसा के बालासोर में हुए रेल हादसे के शिकार लोगों को रक्तदान करना। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर 2023 जिला बलौदा बाजार में संत रामपाल जी के अनुयायियों ने एक जरूरतमंद बहन को 3 यूनिट रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। बहन मनबिसरी जिनके शरीर में मात्र 2 यूनिट रक्त थीए जिन्हें जिला अस्पताल में उनके परिवार वालों ने भर्ती कराया।

जांच के पश्चात जिला अस्पताल से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बहन को 3 यूनिट, पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी जो कि जिला ब्लड बैंक में समय पर उपलब्ध नहीं थी। आस पास भी रक्त देने के लिए कोई भी उपस्थित नहीं था। तभी संत रामपाल महाराज के शिष्यों को पता चला के जिला अस्पताल में किसी को रक्त की आवश्यकता है। तुरंत 3 अनुयायी जीवराखन दास, उत्तम दास, चित्रागंन दास जिला अस्पताल पहुंच कर बहन को 3 यूनिट रक्तदान कर उनके अमूल्य जीवन को बचाने में सहयोग किया। वहीं गुरुवार को मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में स्थित वेदांश हॉस्पिटल में एक युवक के पिताजी को 2 यूनिट ब्लड की अर्जेंट अवश्यकता पड़ने पर संत रामपाल महाराज के अनुयाई भगत नवीन दास ने समय पर पहुंचकर रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की।

## विधानसभा पत्थलगांव में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

*विधायक प्रत्याशी गोमती साय की उपस्थिति में पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव ने काटा फीता*

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

**जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे राजनीतिक दलों में हलचल तेज होने लगी है। इसी क्रम में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने अपने चुनावी कामकाज हेतु आज पत्थलगांव के रायगढ़ रोड स्थित प्रीतमा टावर के पहले तल पर भाजपा की प्रत्याशी गोमती साय के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया है।**



उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, भाजपा की विधायक प्रत्याशी गोमती साय का कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ आत्मीय और भव्य स्वागत किया। वहीं कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाए जिसके बाद पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेवएकृष्ण कुमार राय ने गोमती साय की उपस्थिति में फ ीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि हम सब चुनावी मोड में आ चुके है आगामी दिनों विधानसभा चुनाव है प्रदेश के निर्देशानुसार तीनों विधानसभा में कार्यालय खोलना है। कल जशपुर में कार्यालय उद्घाटन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कुनकुरी में भी कार्यालय का उद्घाटन किया जा चुका है। जिसके बाद आज पत्थलगांव चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा लगातार 5 सालों से हम सभी संगठन का कार्य कर रहे हैं, जिसे बड़े ही बखूबी से साथ हम निभाते आए हैं। वहीं कार्यकर्ताओं से उन्होंने ने भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाने की बात कही। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्णा राय ने कहा कि अभी कई कांग्रेस विधायकों की टिकट लटकी हुई है जिस तरह से कांग्रेस ने पत्थलगांव का अपमान किया है ऐसे लोगों को सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे भारत में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का जो मन बनाया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा तीनों विधानसभा के भाजपा के प्रत्याशियों का नाम सुनकर ही कांग्रेस के लोगों को डर महसूस होने लगा है। पहली बार में ही सांसद चुनाव लड़कर जितने वाली गोमती साय क्षेत्र में विधायक के रूप में भरपूर विकास करेगी। वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता का अपार जनसमर्थन मिलेगा। सांसद गोमती साय के कार्यकाल में उनका चाहे दौरा का विषय हो या सांसद में मुद्दे उठाने का कार्य करना हो उसमे वे 100 प्रतिशत खरी उतरी है, केंद्रीय नेतृत्व का आदेश उन्होंने सराखों पर रखा। उन्होंने कहा लोग कुछ भी कह रहे हो किसी का भी माहौल हो आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी। जशपुर में जिस प्रकार 2013 में तीनों सीट का कब्जा किया था उसी प्रकार इस बार भी वहीं माहौल बना हुआ है।

*पत्थलगांव विधानसभा से भाजपा विधायक प्रत्याशी गोमती साय ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि पत्थलगांव के विधानसभा का चुनाव लड़ना पड़ेगा मगर पार्टी का जो निर्देश था आदेश का पालन किया। पत्थलगांव विधानसभा से मेरा राजनीतिक ही रिश्ता नहीं है बल्कि खून का रिश्ता है। उन्होंने कहा हर समय कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है। मुझे और भी बहुत कुछ सीखने और अनुभव प्राप्त करने की आवश्यकता है। पत्थलगांव के लिए मेहनत करने को तैयार बैठी हूं मेहनत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और जशपुर का वर्चस्व छत्तीसगढ़ में सदैव बना रहे उसे लेकर तीनों विधानसभा में जनता का समर्थन हासिल करना की असली उद्देश्य होगा।*

# धूल डस्ट भरे सड़क पर चलने को मजबूर

## 21 वीं सदी का भारत एक ओर चांद तक को मापने में सफलता हासिल कर ली

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

21वीं सदी का भारत जहां एक ओर अपना लोहा मनवाते हुए पृथ्वी से आसमान तक कि दूरी तय करने में एक ओर सफलता हासिल कर रही है। तो वहीं अगर छत्तीसगढ़ प्रदेश के सड़कों की हालत बद से बत्तर हो चुकी है।जो इन दिनों चलने योग्य भी नहीं रहा।





### धरातल पर चलने को सड़क के पड़ रहे लाले,गड्ढों भरी सड़कों पर लोग सफर करने को मजबूर

सड़कों में अगर रायगढ़ जिले की बात करे तो यह जिला उद्योग कल कारखानों के रूप में देश विदेश में अपनी अलग पहचान रखती है। जिले में सबसे लम्बी रेल पटरी निर्माण इसे अलग पहचान देती है। किंतु विडंबन्ना कि जिले के साथ अन्य सड़कें सालों से देखरेख वमरम्मत के आभव में सड़कें इन दिनों जर्जर हो गई हैं। हाल ही के पखवाड़े पूर्व बरसात के दिनों में यहां के सड़को पर से होकर गुजरना काफी दिक्कत भरी हो गई थी। वहीं इन दिनों बारिश के थमते ही सड़कों पर बने गड्ढों के पानी के सूखने के बाद एक बार फिर लोगों के लिए मार्ग पर होकर गुजरना हुआ मुश्किल बरसात के दिनों में जहां सड़कों से होकर गुजरने से कीचड़ भरी सड़क से होकर सफर करने को मजबूर थे तो वहीं अब धूल डस्ट सड़क पर आवागमन करने वालों के समस्या का सबब बन गई है। रायगढ़ जिले के खरसिया से धरमजयगढ़ स्टेट हाइवे मुख्य मार्ग की बदहाली के शिकार इन दिनों मार्ग पर होकर चलने वाले बाइक चालक काफी दिक्कतों का सामना कर सफर करने को मजबूर हैं। स्टेट हाइवे मार्ग की हालत वर्तमान में किसी पगडण्डिय मार्ग से कम नहीं है। जहां धूल डस्ट के गुब्बारे चौबीसों घंटे उड़ रहे हैं। फिर भी लोग मजबूरन स्टेट हाइवे मार्ग पर होकर जान जोखिम में डाल सफर कर रहे हैं।

### धूल डस्ट से लोग हो रहे परेशान

*धरमजयगढ़ से खरसिया मुख्य मार्ग स्टेड हाइवे क्रमांक 18 व 04 के श्रेणी में आने के बावजूद मार्ग की हालत इन दिनों पैदल चलन मार्ग से भी बत्तर हो गई है। जहां सड़क पर डामर न होने के साथ बड़े-बड़े गड्ढे मार्ग पर दोपहिया वाहनों में सफर कर रहे लोगो के साथ सड़क किनारे निवासरत लोगों के लिए उस समय आफ्त बन जाती है जब सड़क पर भारी वाहनों के चलन से वाहन अपने पीछे ब्यापक पैमाने पर धूल डस्ट छोड़ते जाते हैं।*

### मार्ग पर भारी वाहनों का ब्यापक दबाव

*धरमजयगढ़ से खरसिया मुख्य मार्ग की बात करें तो यह मार्ग भारी वाहनों के ब्यापक चलन के कारण इन दिनों भारी ब्यस्ततम मार की श्रेणी में कोयला खदान से कोयला परिवाहन हेतु इसी मार्ग का प्रयोग होने से इन भारी वाहनों का दबाव भी मार्ग पर होने के साथ समीपवर्ती जिला कोरबा से कोयले का परिवहन रायगढ़ जिले में संचालित उद्योगों कल कारखानों में कोयला आपूर्ति हेतु इसी स्टेट हाइवे मार्ग से होकर वाहनों के चलन मार्ग को ब्यस्ततम बना देती है।*



### सड़क निर्माण केवल आश्वासन

जिले के धरमजयगढ़ व खरसिया विधानसभा क्षेत्र कॉंग्रेस का गढ़ कहे जाने वाला विधानसभा क्षेत्र है जहां हमेशा कांग्रेस का परचम लहराया है किंतु सड़क की बदहाली से निजात अब तक लोगों को नहीं मिल सका वर्तमान के दस वर्षों की बात करें तो धरमजयगढ़ विधानसभा में कांग्रेस के विधायक एक पंच वर्षिय प्रदेश सरकार में विपक्ष के विधायक के साथ वर्तमान में सत्ता पक्ष के होते हुए भी सड़क की बदहाली से लोगों को निजात नही मिल सका। वहीं सड़क निर्माण को लेकर मोटी राशि 190 करोड स्वीकृत होने की बात कांग्रेसी कहते सालों से आ रहे हैं। सड़क निर्माण को लेकर वहीं क्षेत्र के जनपद सदस्य बीजेपी मण्डल छाल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मीडिया से मुखातिब होते हुए क्षेत्रीय विधायक पर गम्भीर आरोप लगाते हुए निष्क्रिय विधायक कहते हुए क्षेत्र के विकास के साथ सड़क को लेकर विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि क्षेत्रीय विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र का विकास तो कोशों दूर अपने गृह निवास छाल क्षेत्र का एक भी विकास कार्य नहीं करा सका जबकि दो पंचवर्षीय विधायकी पिता के विरासत में मिला है। विभाग की बात करें तो विभाग निर्माण कार्य प्रगति पर होने के साथ गड्ढे भराई के सप्ताह के अंदर हाटी से छाल के बीच टूटे सड़क पर डामरीकरण करने की बात के साथ पानी छिड़काव कराने को ठेकेदार को आदेशित करने की बात कही।

### एक नजर

## बुजुर्ग मां की हत्या करने वाला कुपुत्र जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।



शराब पीने के विवाद को लेकर हाथ मुक्का से अपने ही बुजुर्ग मां की निर्मम हत्या करने वाले कुपुत्र को बिर्रा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस संबंध में मिली विस्तृत जानकारी अनुसार गत दिवस 15 अक्टूबर को प्रार्थी श्रवण पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी डभराखुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उक्त दिनांक को वह अपने घर के पास ही था। वहीं थोड़ी दूर में मृतिका अवधमति पटेल का घर है। जहां दोपहर साढ़े तीन से चार बजे बजे के बीच अवधमति जोर जोर से बचाओ-बचाओ चिल्लाने लगी। वह चित् हालत में घर के दरवाजे के सामने पड़ी हुई थी और उसका बेटा अनिल पटेल को वही से घर से बाहर भागते हुये रोड तरफ देखा। अनिल पटेल शराबी प्रवृत्ति का था जो हमेशा अपनी मां अवधमति से मारपीट करता था। पूरी शंका है कि अवधमति का उसका बेटा ही मारपीट कर हत्या कर दिया होगा। इसकी सूचना पर आरोपी के विरूद्ध थाना बिर्रा में अपराध क्रमांक 15/2023 धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना थाना बिर्रा पुलिस को मिलने पर तत्काल घटनास्थल ग्राम डभराखुर्द रवाना हुआ। वहां पाया गया कि मृतिका अवधमति घर में चित् हालत में पड़ी थी। जिसकी पंचनामा कार्यवाही किया जाकर पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के संदेही अनिल पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी डभराखुर्द को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि शराब पीने से मां मना करती थी। जिस कारण से वह अपने मॉ को हाथ मुक्का से मारपीट कर हत्या करना बताया। विवेचना दौरान आरोपी अनिल पटेल के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पायें जाने से बिर्रा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक संगम राम,उपनिरी केपी सिंह, सउनि सेखसफी उल्लह खान, आरक्षक वैभव केशरवानी, रघुवीर यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री सड़क में ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश





जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

- * 5 इंच के बीएम के बाद 2 इंच कारपेट वर्क को अलग-अलग करने के बजाए एक साथ कर दिया ठेकेदार
- * उखड़ने लगी सड़क,ग्रामीणों की हल्ला बोल के बाद निर्माण कार्य प्रगति पर

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में 16 करोड़ लागत की से बन रही 23 किमी सड़क चढ़ गई भ्रष्टाचार की भेंट,ग्रामीणों में आक्रोश। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत घुमरापदर से खोखमा मार्ग पर,घुमरापदर से चुखली तक लगभग डेढ़ किमी लंबी अधूरे पेच का काम 8 माह बाद ठेका कम्पनी ने शुक्रवार से अचानक शुरू कर दिया। विभाग के इंजीनियर के गैर मौजूदगी में आनन फानन में शुरू हुए इस काम को लेकर ग्रामीण भी हैरान थे। ठेका कम्पनी मेसर्स फारूक वारसी के वर्कर ने शुक्रवार को डामरी करन का लेयर बिछाया था। वह शनिवार को उखड़ना शुरू हो गया। आज ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया।ग्राम सरपंच सोनाराम मांझी ने विभाग के एस डी ओ कमलेश चंद्राकर को फोन लगाकर मौखिक शिकायत किया।काम बगैर किसी अफसर की मौजूदगी में हो रहा था, एसे एसडीओ ने नाजायज ठहराते हुए फोन पर ही काम रोकने का निर्देश दे दिया। कुछ घंटे काम बंद भी था लेकिन शाम साढ़े 5 बजते हो दोबारा शुरू कर दिया गया। ग्रामीण सुखदेव सोरी,जगबंधु विश्वकर्मा,देवनाथ मांझी ने बताया की इस कंपनी के द्वारा शुरू से ही घटिया काम किया जा रहा है। मूढगेलमाल कोदोभाठा की सड़क के डामर पहली बारिश में उखड़ने लगा है। हमारे ग्राम क्षेत्र में गड़बड़ी शुरू के दी गई है अफसरों एस डी ओ कमलेश चंद्राकर ने बताया की काम रोकने कहा गया था। फिर से अगर काम चालू किया गया है। ओर गलत हो रहा है तो दोबारा कराया जाएगा।

### न सड़क की सफाई एन प्राइमर मारा सीधे सील कोड

तय मापदंड के मुताबिक सड़क डब्लू बी एम वर्क के बाद 7 इंच का डामर को दो अलग-अलग लेयर में बिछाने का प्रावधान है। ग्रेडिंग 1 बिटुमिन मैकडम यानी बीएम वर्क के तहत प्रीमिक्स कंक्रीट पीएमसी बिछाई जाती है। पौन इंच गिट्टी के साथ डामर, फिर अच्छे से रोलिंग किया जाना होता है। इसकी थिकनेश 5 इंच का होना है। इसके ऊपर दूसरे चरण में 2 इंच डामर से कार्पेट लेयर का काम करना होता है,फिर सील कोड वर्क किया जाना है। लेकिन दो दिन से किए जा रहे डामर कार्य में सड़क की धूल की सफाई किए बगैर,बिना प्राइमर मारे सीधे 7 इंच का लेयर एक साथ बिछा दिया जा रहा है, इससे डामर की परते उखड़ने लगा है। मामले में इंजिनियर जितेंद्र चंद्राकर ने कहा की मुझे काम करने वालो ने बताया है की दोनो लेयर अलग अलग किया गया है। चुनाव ड्यूटी में हुं एसडीओ से बात कर लो।





### लेट वर्क की पेनाल्टी लग चुकी है कंपनी को

*2020 में कार्य का वर्क आर्डर जारी कर दिया गया था जिसे 26 जून 2021 को ठेका कम्पनी एम एस फारूक वारसी को पुरा करना था। लेकिन इस अवधि में काम पुरा नहीं हुआ,35 लाख की पेनाल्टी भरने के बाद इस काम को सितंबर 2023 तक पुरा करने की मियाद दोबारा दी गई। दूसरे टाइम लाइन में भी कंपनी ने काम पुरा नहीं किया।*

# छाल साइडिंग में जल रहा कोयला जिम्मेदार अधिकारी को कोई परवाह नहीं

## स्लीपर को खड़ा कर बनाया गया था बाउंड्री जिसकी दसा देखने लायक नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-कुड़ेकेला।



छाल में कोल परिवहन के लिए एसईसीएल द्वारा कोयला साइडिंग और सेलो का निर्माण कराया जा रहा है जहां न तो अभी कांक्रीट का बाउंड्री बना है और ना ही फर्श में फ्लोरिंग किया गया है। कोयला के रैक लोडिंग के लिए बकायदा कोयला गिराया जा रहा पर कोयला को बिखरने से रोकने के लिए सीमेंट के खंबे स्लीपर डालकर बाउंड्री बनाया गया है जिससे की लोडिंग के समय लोडर से लोडिंग करने से कोयला के साथ साथ स्लीपर भी नीचे गिर जा रहे हैं, और कोयला का भारी नुकसान हो रहा हैं। वही साइडिंग में डंप हुए कोयले में व्यापक रूप से आग भी लगा हुए हैं जिससे प्रबंधन को लाखों रुपए से ऊपर का नुकसान हो रहा है पर जिम्मेदार अधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है बस बीच बीच में दिखावे के लिए कुछ समय के लिए आग को बुझाया जाता है, जबकि पूरी तरह से नहीं बुझाया जाता, जिससे एसईसीएल को काफी नुकसान हो रहा है, साथ ही कोयला का रैक लगने से प्लांटों को भी नुकसान हो रहा है।



** कोयले में आग को विभाग का फायर ब्रिगेड से भुझाया जा रहा है एक माह से लगातार आग पर काबू करने पानी छिड़काव किया जा रहा है। यहां साइडिंग को आनन फानन में बनाया गया जिसमे कोयला पूरी तरह उठा नहीं पाते जिससे कोयला स्टोर हो जाते हैं और इसमें आग लगना स्वभाविक हो जाता है कोयला का सर्वे किया जाएगा जिससे पता चलेगा की कितना कोयला आग में जल गया।*

**रूपाकांत, साइडिंग इंचार्ज एसईसीएल छाल उपक्षेत्र**


AMPERE “गर्ग मोटर्स” AMPERE

इलेक्ट्रिक स्कूटर शो रूम

अपेक्स बैंक के पास, बस स्टैण्ड, धरमजयगढ़





प्रिय ग्राहक बंधु,
नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा के पावन पर्व में दिनांक 20.10.2023 को हमारी नई प्रतिष्ठान...
इलेक्ट्रिक स्कूटर शो रूम का भव्य शुभारंभ हो रहा है...
जिसमें आप अपनी मनपसन्द स्कूटर तत्काल प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित है।

तत्काल एक्सचेंज, तत्काल फायनेंस | कम डाउन पेमेन्ट पर

सम्पर्क करें 7987584841 / 8358844420 | पर्यावरण बचायें बैटरी गाड़ी चलायें


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in